

आम आदमी का अपना दैनिक अखबार

# तरुण छत्तीसगढ़

E-mail:
tarunpressraipur@gmail.com
tarun_press@yahoo.co.in
Web:
www.tarunchhattisgarh.in
facebook.TarunChhattisgarh
phone: 0771-2543112

■ रायपुर,शनिवार 18 अप्रैल 2026 ■ बैसाख शुक्ल पक्ष-1 ■ वर्ष -42 ■ अंक-020 ■ पृष्ठ 8 ■ डाक संस्करण 19 अप्रैल 2026 ■ मूल्य-2.00 रुपये


## इसकी कीमत चुकानी होगी, हर गांव तक ले जाएंगे सच

### संशोधन बिल के गिरने पर पीएम मोदी की चेतावनी

**नई दिल्ली,18 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को लोकसभा में संविधान (131वां) संशोधन विधेयक के गिर जाने पर गहरी नाराजगी और निराशा व्यक्त की है। महिला आरक्षण से जुड़े इस महत्वपूर्ण बिल का समर्थन न करने को लेकर पीएम मोदी ने विपक्ष पर तीखा हमला बोला है। उन्होंने कहा कि विपक्षी दलों को अपने इस फैसले के लिए 'जिंदगी भर पछताना पड़ेगा।'

प्रधानमंत्री मोदी ने ये टिप्पणियां दिल्ली स्थित संसद भवन में आयोजित सुरक्षा मामलों की कैबिनेट समिति की बैठक के दौरान कीं। बैठक में प्रधानमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि विपक्षी दलों को इस बिल को समर्थन न देने की भारी 'कीमत चुकानी होगी।' उन्होंने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि वे अब अपने इस कदम का बचाव करने और इस पर पर्दा डालने के लिए तरह-तरह के बहाने ढूंढ रहे हैं।प्रधानमंत्री ने इस मुद्दे को सीधे जनता के बीच ले जाने पर जोर दिया है। पीएम ने कहाः उन्हें (विपक्ष को) इसकी कीमत चुकानी



होगी। हमें देश के हर गांव तक यह बात पहुंचानी होगी कि विपक्ष की मानसिकता पूरी तरह से महिला विरोधी है। वे पहले से ही अपनी इस गलती को छिपाने के लिए कारण ढूंढने में लगे हुए हैं। कुल मिलाकर, प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कर दिया है कि सरकार इस मुद्दे को लेकर आक्रामक रुख अपनाएगी और विपक्ष के इस कदम को पूरे देश में 'महिला विरोधी' कृत्य के तौर पर पेश करेगी। केंद्र सरकार द्वारा 16 अप्रैल 2026 को लोकसभा में पेश किए गए 131वें संविधान संशोधन बिल के मुख्य रूप से तीन बड़े और दूरगामी उद्देश्य थे। लोकसभा सीटों का विस्तारः इस बिल के तहत लोकसभा की अधिकतम सदस्य संख्या को 550 से बढ़ाकर 850 करने का प्रस्ताव था। इसमें राज्यों से 815 और केंद्र शासित प्रदेशों से 35 सदस्यों के चुने जाने की व्यवस्था थी।

**समय से पहले परिसीमनः** संविधान के अनुच्छेद 82 में संशोधन करके परिसीमन प्रक्रिया में बदलाव लाना। मौजूदा नियम के मुताबिक अगला परिसीमन 2026 के बाद होने वाली पहली जनगणना के आधार पर होना था। लेकिन यह बिल उस रोक को हटाकर 2011 की जनगणना के आधार पर ही तुरंत नया परिसीमन लागू करने का रास्ता साफ कर रहा था।

**महिला आरक्षण का तत्काल क्रियान्वयनः** 2023 में पास हुए 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' में महिलाओं के लिए 33% आरक्षण का प्रावधान है। सरकार इसको इसी नए परिसीमन के लागू होते ही धरातल पर उतारना चाहती थी।

## कांग्रेस और इंडी गठबंधन का महिलाओं के अधिकारों के प्रति नकारात्मक रुख उजागर : साय

**रायपुर,18 अप्रैल।** मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' से जुड़े 131वें संविधान संशोधन विधेयक के विरोध को लेकर कांग्रेस और इंडीगठबंधन पर तीखा प्रहार करते हुए कहा है कि यह विरोध केवल एक कानून का विरोध नहीं है, बल्कि देश की मातृशक्ति के अधिकार, सम्मान और नेतृत्व क्षमता को नकारने का प्रयास है। उन्होंने कहा कि यह रुख उन करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं और विश्वास पर सीधा आघात है, जिन्होंने अपने सशक्त भविष्य का सपना देखा है। मुख्यमंत्री श्री साय ने कहा कि आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में देश में नारी शक्ति को शासन और निर्णय प्रक्रिया के केंद्र में स्थापित करने का ऐतिहासिक कार्य किया जा रहा है। महिलाओं को समान अवसर, राजनीतिक भागीदारी और सशक्त पहचान देने के लिए केंद्र सरकार निरंतर ठोस कदम उठा रही है। ऐसे समय में कांग्रेस और इंडी गठबंधन द्वारा इस महत्वपूर्ण विधेयक का विरोध उनकी संकीर्ण मानसिकता और दोहरे मापदंड को उजागर करता है। उन्होंने कहा



कि आज देश की माताएँ और बहनें पूरी सजगता के साथ इस प्रकार के राजनीतिक रुख को देख और समझ रही हैं। नारी सशक्तीकरण के मुद्दे पर राजनीति करने वालों को देश की महिलाएं समय आने पर लोकतांत्रिक तरीके से जवाब देंगी। मुख्यमंत्री ने स्पष्ट रूप से कहा कि नारी सशक्तीकरण की यह यात्रा अब रुकने वाली नहीं है। महिलाओं को उनका अधिकार, सम्मान और निर्णय प्रक्रिया में उचित स्थान दिलाना ही सरकार का संकल्प है, जिसे हर परिस्थिति में पूरा किया जाएगा।

## केंद्रीय कर्मचारियों के डीए में 2% की बढ़ोतरी

**नई दिल्ली,18 अप्रैल।** केंद्र सरकार ने अपने कर्मचारियों को बड़ा तोहफा दिया है। सरकार ने कर्मचारियों के महंगाई भत्ते यानी डीए में 2 पर्सेंट का इजाफा किया है। अब केंद्रीय कर्मचारियों का भत्ता बढ़कर 60 पर्सेंट हो गया है। सूत्रों ने बताया कि केंद्रीय कैबिनेट ने शनिवार को केंद्र सरकार के कर्मचारियों के लिए महंगाई भत्ते में 2 प्रतिशत की बढ़ोतरी को मंजूरी दे दी है। इसके अलावा, पेंशनभोगियों के महंगाई राहत यानी डीआर में भी 2 पर्सेंट की बढ़ोतरी हो गई है। इस तरह, केंद्रीय कैबिनेट ने डीए और डीआर को 2 पर्सेंट बढ़ा दिया है। केंद्रीय कर्मचारियों के डीए में 2 पर्सेंट की बढ़ोतरी जनवरी महीने से प्रभावी हो जाएगा। कहने का मतलब है कि अप्रैल के महीने में केंद्रीय कर्मचारियों की सैलरी में जनवरी, फरवरी और मार्च महीने का डीए, एरियर के तौर पर मिलेगा।

## वेदांता हादसा में मरने वालों की संख्या 23 पहुंची

**सक्ती,18 अप्रैल।** वेदांता पावर प्लांट भाषण हादसे ने सब के दिल को दहला दिया था ये घटना 14 अप्रैल को हुआ था इसी को लेकर बड़ा अपडेट सामने आया है । बताया जा रहा है कि हादसे में मरने वाले श्रमिकों की संख्या 23 पहुंच गई है, वहीं 12 घायल श्रमिकों का अलग-अलग अस्पतालों में इलाज जारी है। बीते 12 घंटे के दौरान मृत श्रमिकों का आंकड़ा 20 से 23 पहुंच गया है. मरने वाले तीन श्रमिकों में से रायगढ़ मेडिकल कॉलेज में भर्ती पश्चिम बंगाल निवासी सुब्रतो जेना और कालडा हॉस्पिटल, रायपुर में भर्ती उत्तर प्रदेश निवासी किस्मत अली सहित एक अन्य श्रमिक शामिल है।

## ट्रक और बाइक की टक्कर में युवक की मौत

**लखनपुर,18 अप्रैल।** अंबिकापुर-बिलासपुर नेशनल हाईवे 130 पर शुक्रवार शाम एक दर्दनाक सड़क हादसे में बाइक सवार युवक की जान चली गई। लखनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत कमल फ्यूल के सामने शाम करीब 5 बजे तेज रफ्तार ट्रक और बाइक के बीच हुई इस भीषण टक्कर में युवक की मौके पर ही मौत हो गई। प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, अंबिकापुर की ओर से आ रहे ट्रक (क्रमांक CG 07 CS 7684) और लखनपुर से अंबिकापुर की ओर जा रही बाइक (क्रमांक CG 29 A 3196) के बीच आमने-सामने की भिड़ंत इतनी जबरदस्त थी कि बाइक का अगला हिस्सा पूरी तरह चकनाचूर हो गया। हादसे में युवक के सिर और चेहरे पर गंभीर चोटें आईं, जिससे उसका चेहरा बुरी तरह क्षत-विक्षत हो गया। शिनाख्त के कोई पुख्ता दस्तावेज तुरंत न मिलने और चेहरा बिगड़ने के कारण मृतक की तत्काल पहचान नहीं हो सकी।

## नपा के विवादित सीएमओ का आखिर हुआ तबादला

**बलरामपुर,18 अप्रैल।** नगर पालिका में लंबे समय से चल रहे विवाद के बीच आखिरकार राज्य शासन ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी (सीएमओ) प्रणव राय का स्थानांतरण कर दिया है। यह कार्रवाई उनके खिलाफ लगे गंभीर आरोपों और बढ़ते जनप्रतिनिधियों के विरोध के बाद की गई है। दरअसल, सीएमओ प्रणव राय पर अभद्र भाषा का प्रयोग करने और पार्षदों को धमकाने के आरोप लगे थे।

## ट्रंप की ईरान को दो टूक,डील नहीं तो बरसेंगे बम

**नई दिल्ली,18 अप्रैल।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनल्ड ट्रंप ने ईरान को फिर से धमकी देते हुए कहा कि सीजफायर को अब और आगे नहीं बढ़ाया जा सकता। डील फेल होने पर सैन्य कार्रवाई कर सकते हैं।ट्रंप ने कहा है कि ईरान के साथ सीजफायर तब तक आगे नहीं बढ़ाया जाएगा, जब तक बुधवार तक कोई दीर्घकालिक समझौता नहीं हो जाता। उन्होंने चेतावनी दी कि दबाव बनाने वाले उपाय अभी भी विचाराधीन रहेंगे। इननमें ईरानी बंदरगाहों पर लगातार नाकेबंदी और फिर से बमबारी की संभावना शामिल है। 'एयर फोर्स वन' में पत्रकारों से बात करते हुए ट्रंप ने कहा, "हो सकता है कि मैं इसे आगे न बढ़ाऊं, लेकिन नाकेबंदी जारी रहेगी। तो आपके पास एक नाकेबंदी है और दुर्भाग्य से हमें फिर से बम गिराना शुरू करना पड़ेगा।" ईरान की संसद के स्पीकर मोहम्मद बाघर गालिबफ ने डोनल्ड ट्रंप को चेतावनी दी है कि अगर अमेरिका अपनी नौसैनिक नाकेबंदी जारी रखता है, तो तेहरान होर्मुज स्ट्रेट को बंद कर देगा। यह चेतावनी अमेरिकी राष्ट्रपति के उस बयान के कुछ ही समय बाद आई है, जिसमें उन्होंने कहा था कि यह नाकेबंदी "पूरी ताकत" के साथ जारी रहेगी। इससे पहले ईरान ने कहा था कि संघर्ष-विराम की बाकी अवधि के लिए होर्मुज सभी कमर्शियल जहाजों के लिए "पूरी तरह से खुला" है।

### ईरान ने फिर बंद कर दिया होर्मुज का रास्ता

तेहरान। ईरान ने होर्मुज स्ट्रेट को फिर से बंद कर दिया है। उसने अमेरिका पर वादा तोड़ने का आरोप लगाते हुए यह फैसला लिया है। ईरानी मीडिया में सेना के हवाले से इस बारे में बयान जारी किया है। ईरान के मुताबिक अमेरिका ने अभी तक होर्मुज में नाकेबंदी कर रखी है। इस वजह से उसे ऐसा फैसला लेने पर बाध्य होना पड़ा।

## युवक ने खुद पर पेट्रोल डालकर की आत्महत्या की कोशिश

**बिलासपुर,18 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले से दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है. एक युवक ने सरेराह खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आत्मदाह की कोशिश की है. आपपास मौजूद लोगों ने भागकर मौके पर पहुंचे और आग बुझाई. हालांकि उसका शरीर 80 प्रतिशत झुलस गया है. वहीं युवक की बाइक भी जलकर खाक हो गई है. इस घटना से जुड़ा वीडियो भी वायरल हो रहा है. यह मामला बिल्हा थाना क्षेत्र का बताया जा रहा है. दरअसल, घटना के दो सीसीटीवी फुटेज सामने आए हैं, इसमें युवक पहले एक पेट्रोल पंप से डिब्बे में पेट्रोल डलवाते हुए नजर आ रहे हैं. इसके बाद दूसरे फुटेज में युवक बाइक रोककर खुद पर पेट्रोल छिड़ककर आग लगाते हुए दिखाई देता है. पीड़ा से युवक सड़क पर गिर जाता है. आसपास मौजूद लोगों ने भागकर युवक के शरीर पर लगी आग बुझाई.

## नागरिकता से पहले कैसे आ गया वोटर लिस्ट में नाम

### कोर्ट ने सोनिया गांधी से मांगा जवाब

**नई दिल्ली,18 अप्रैल।** वोटर लिस्ट में नाम शामिल किए जाने के एक मामले में राउज अवेन्यू कोर्ट ने सोनिया गांधी को जवाब दाखिल करने के लिए एक सप्ताह का समय दिया है। आरोप है कि नागरिकता मिलने से पहले भीउनका नाम एक बार वोटर लिस्ट में शामिल किया गया था। वोटर लिस्ट में नाम शामिल किए जाने को लेकर सोनिया गांधी के खिलाफ आपराधिक पुनरीक्षण याचिका पर शनिवार को दिल्ली के राउज अवेन्यू कोर्ट में सुनवाी हुई कोर्ट ने सोनिया गांधी के वकील से एक सप्ताह के अंदर जवाब देने को कहा है। वहीं याचिकाकर्ता की तरफ से सारी दलीलें पेस की जा चुकी हैं। याचिकाकर्ता ने कोर्ट से चुनाव आयोग की एक रिपोर्ट भी कोर्ट में पेश करने की इजाजत मांगी है। वहीं सोनिया गांधी के वकील ने कहा कि वह कुछ सबूत अपने क्लाइंट के पक्ष में देना चाहते हैं। कोर्ट इस मामले में अब 16 मई को सुनवाई करेगा। याचिकाकर्ता का दावा है कि सोनिया गांधी ने भारत की नागरिकता मिलने से पहले ही गलत तरीके से अपना नाम वोटर लिस्ट में जुड़वा लिया था। इससे पहले 30 मार्च को इस मामले की आंशिक सुनवाई हुई थी। इसके बाद मामले को स्थगित कर दिया गया था। कोर्ट ने कहा था कि 18 अप्रैल को बचाव पक्ष अपनी दलीलें देगा।

## विधायक टोप्पो के खिलाफ चुनाव याचिका खारिज

**बिलासपुर ,18 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ उच्च न्यायालय ने छत्तीसगढ़ विधान सभा चुनाव 2023 से संबंधित एक बड़ा फैसला सुनाते हुए बीजेपी विधायक रामकुमार टोप्पो को बड़ी राहत दी है। बता दें कि सीतापुर विधानसभा क्षेत्र से आम आदमी पार्टी के प्रत्याशी मुन्ना लाल टोप्पो द्वारा सीतापुर से भाजपा विधायक राम कुमार टोप्पो एवं रिटर्निंग ऑफिसर रवि राही के विरुद्ध दायर की गई चुनाव याचिका को खारिज कर दिया है। यह फैसला जस्टिस संजय के. अग्रवाल की सिंगल बेंच ने सुनाया है। इस मामले में रामकुमार टोप्पो की ओर से पैरवी एडवोकेट शरद मिश्रा ने की।कोर्ट ने निर्वाचन याचिका क्रमांक 01/2024 में महत्वपूर्ण निर्णय पारित करते हुए सीतापुर (अनुसूचित जनजाति) विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से संबंधित चुनाव याचिका को निरस्त कर दिया है। दरअसल, याचिकाकर्ता मुन्ना लाल टोप्पो द्वारा यह निर्वाचन याचिका प्रस्तुत की गई थी, जिसमें वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में उनके नामांकन पत्र को Returning Officer द्वारा निरस्त किए जाने को चुनौती दी गई थी। याचिकाकर्ता का पक्ष था कि उनका नामांकन गलत आधार पर अस्वीकृत किया गया। प्रकरण में याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता डॉ. जितेन्द्र किशोर मेहता एवं आनंद कुमार कुजूर ने पक्ष रखा। राज्य निर्वाचन आयोग/प्रतिवादी क्रमांक 1 से 3 की ओर से राकेश कुमार झा, अधिवक्ता उपस्थित हुए। वहीं प्रतिवादी क्रमांक 4, सीतापुर क्षेत्र के निर्वाचित विधायक रामकुमार टोप्पो (भाजपा) की ओर से शरद मिश्रा, अधिवक्ता ने प्रभावी पैरवी की।

प्रतिवादी रामकुमार टोप्पो की ओर से यह महत्वपूर्ण तर्क प्रस्तुत किया गया कि याचिकाकर्ता ने स्वयं अपने नाम निर्देशन पत्रों एवं शपथपत्र में यह स्पष्ट स्वीकार किया है कि उसके समुचित सरकार के साथ वर्तमान में अनुबंध विद्यमान हैं। अतः स्वयं द्वारा किए गए इस स्वीकारोक्ति के बाद याचिकाकर्ता यह नहीं कह सकता कि वह अयोग्यता से मुक्त था या उसका नामांकन गलत रूप से निरस्त किया गया।


### 22 वीं एशियन कुश्ती चैंपियनशिप 2026, किर्गिस्तान,बेशाक में सम्पन्न

## अंतिम समय में चित्त होने से कब उबर पाएंगे भारतीय ?

✍ जसवंत क्लाडियस,तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

भारतवासियों के लिए प्रसन्नता की बात है कि हमारे प्रतिभागी विभिन्न खेलों की अंतर्राष्ट्रीय स्तर की चैम्पियनशिप में कुछ वर्ष पहले की अपेक्षा लगातार अच्छा प्रदर्शन कर रहे हैं। भारतीय पहलवानों ने विगत 6 से 12 अप्रैल तक किर्गिस्तान , बिशेक में सम्पन्न 22 वीं एशियाई कुश्ती स्पर्धा 2026 में दो स्वर्ण, छः रजत तथा 09 कांस्य के साथ कुल 17 पदकों पर कब्जा जमाया। इस प्रतियोगिता में 14 एशियाई देशों ने भाग लिया जिसमें भारत को पांचवा स्थान प्राप्त हुआ। पहले स्थान पर ईरान के पहलवान रहे जिन्होंने 06-06-06 स्वर्ण, रजत, कांस्य सहित 18 पदक जीता, दूसरे स्थान पर जापान 06-05-04 सहित कुल 15 पदक, तीसरे स्थान पर 05-01-08 सहित 14 पदक जीतकर चीन, चौथे स्थान पर किर्गिस्तान के पहलवानों ने 5-1-6 सहित कुल 12 पदक अपने नाम किए। अगर कुल पदकों की संख्या देखी जाए तो भारत के पहलवानों ने ईरान द्वारा 18 पदक जीत लेने के बाद 17 पदक जीतकर सर्वाधिक पदक जीतने वाले देश में दूसरा स्थान प्राप्त किया जिसकी वजह से इस प्रतियोगिता में भारत के पुरुष पहलवानों ने फ्री स्टाइल में 162 अंक प्राप्त कर दूसरा जबकि 178 अंकों के साथ ईराक प्रथम स्थान पर रहा. ग्रीको रोमन पुरुष वर्ग में भारत के पहलवानों ने चौथा स्थान जबकि महिलाओं के फ्री स्टाइल में भारत की महिलाओं ने पांचवा स्थान प्राप्त किया। पुरुष वर्ग की बात करें तो भारत की ओर से दो स्वर्ण पदक फ्री स्टाइल के 65 किलोग्राम वर्ग में सुजीत कालकल तथा 70 किलोग्राम वर्ग में अभिमन्यु मंडवाल ने जीता। पदक सूची के अनुसार स्पष्ट है कि भारत के तीन पुरुष पहलवान अमन सेहरावत, संदीप मान, मुकुल दहिया जबकि पुरुष ग्रीको-रोमन में ललित सेहरावत, नितेश सिचाव फाइनल मुकाबले में पराजित हुए इसी तरह महिला फ्री स्टाइल वर्ग में भारत की मीनाक्षी गोयत हारी। परंतु सबसे चौंकाने वाला परिणाम तो महिला वर्ग का रहा जिसके चार पहलवान हंसिका लांबा, नेहा सांगवान, मोनिका, हर्षिता मोर सेमीफाइनल में चित्त हो गई। इसी तरह पुरुष फ्री स्टाइल वर्ग में सेमीफाइनल तक का सफर तय करके फायनल में जगह नहीं बना पाने वाले दो पुरुष पहलवान अंकुश चंद्रम, दिनेश धनखर थे. उधर ग्रीको रोमन वर्ग से सचीन सेहरावत, प्रिंस पहलवान, सुनील कुमार तीन पहलवान सेमीफाइनल में पराजित हुए।

इसमें कोई की दो मत नहीं कि विश्व खेल मंच में भारतीय पहलवानों का भविष्य उज्जवल है इसे हमारे प्रतिभागियों ने ग्रीष्मकालीन ओलंपिक खेलों में 2008 में लगातार 2024 तक एक न एक पदक जीतकर साबित कर दिया है। फिर भी जबकि इस वर्ष 2026 में एशियाड और राष्ट्रमंडल खेल होना है। तब खेल सिर्फ कुश्ती ही नहीं परंतु कोई भी कोर गेम्स हो भारतीय खिलाडिय़ों को जैसे पहले दूसरे राउंड के मुकाबले को गंभीरता से लिया उसी तरह पूरी सजगता और चतुराई से सेमीफाइनल और फाइनल के भिड़ंत को भी लेना चाहिए। 22 वीं एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के परिणामों पर एक नजर डालेंगे तो स्पष्ट लगता है कि हमारे 06 पहलवान फायनल में परास्त होकर स्वर्ण पदक से वंचित हुए जबकि 09 पहलवान सेमीफायनल में पटखनी खा गये। परिणामों का विश्लेषण इस तरह करने से स्पष्ट हो जाता है कि हमारे पहलवानों में न तो दमखम की कमी है और नही साहस की. 2014 के पश्चात प्रधानमंत्री मोदी के कार्यकाल में खिलाडिय़ों, प्रशिक्षकों, सहायक स्टाफ को हर ढंग की सुविधा दी जा रही है। सच कहा जाय तो हमारे देश के खेलमंत्री मनसुख मंडविया , केंद्र सरकार में खेल मंत्रालय के प्रशासनिक अधिकारी और भारतीय खेल प्राधिकरण याने साईं के प्रत्येक जिम्मेदार अधिकारी सकारात्मक रूप से अपनी भूमिका निभा रहे हैं फिर भी क्या वजह है हमारे पहलवानों से यह चूक हुई। इसकी प्रमुख वजह खिलाडिय़ों में स्वयं के अंदर आत्मविश्वास की कमी और खेल के अंतिम क्षणों में उचित रणनीति का प्रयोग नहीं करना है। हालांकि 2026 के ओलंपिक खेलों का भारत में आयोजन होने का अंतिम निर्णय नहीं हुआ है लेकिन भारत के खिलाडिय़ों की तैयारी को धारदार बनाए जाने की आवश्यकता है। इसी तरह अंतरराष्ट्रीय स्तर की अलग अलग प्रतियोगिताओं में लगातार भाग लेने की योजना से निश्चित रूप से खिलाड़ियों के प्रदर्शन में न सिर्फ अंतर आएगा बल्कि जो कमी 22 वीं एशियाई कुश्ती चैम्पियनशिप में उजागर हुई है वैसी कमी दूर होती चली जाएगी .

# पचपन सड़कों और बारह बृहद पुलियों के निर्माण के लिए भूमिपूजन , गांवों का होगा विकास

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**कवर्धा,18 अप्रैल।** कबीरधाम जिले में 166 करोड़ की लागत से 55 बारहमासी सड़कों और 12 वृहत पुल पुलिया निर्माण कार्य का भूमि पूजन किया गया। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने जशपुर के रणजीता स्टेडियम में आयोजित कार्यक्रम से प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (चतुर्थ चरण) तथा पीएम जनमन योजना के सड़कों एवं पुल पुलिया के निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। इस दौरान उप मुख्यमंत्री श्री विजय शर्मा उपस्थित रहे। यह अभूतपूर्व अवसर है जब एक साथ वनांचल क्षेत्र में बड़ी संख्या में सड़क निर्माण कार्य का भूमि पूजन हुआ है। इससे कबीरधाम के 56 गांवों तक पहली बार पक्की सड़क पहुंचेगी। पक्की सड़क बनने से शिक्षा, स्वास्थ्य, बाजार और अन्य मूलभूत सेवाओं तक ग्रामीणों की पहुंच बेहतर होगी।




इस अवसर पर मुख्यमंत्री श्री साय वर्चुअल माध्यम से कबीरधाम जिले के पीजी कॉलेज डोम में आयोजित कार्यक्रम से जुड़े और जिलेवासियों को विकास कार्यों की इस महत्वपूर्ण सौगात के लिए शुभकामनाएं दीं। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने कहा कि किसी भी क्षेत्र के विकास की आधारशिला मजबूत सड़क व्यवस्था होती है। जब गांव बारहमासी सड़कों से जुड़ते हैं, तभी वहां विकास के नए रास्ते खुलते हैं और देश प्रगति की ओर अग्रसर होता है। उन्होंने कहा कि गांवों तक सड़क पहुंचने से केवल आवागमन ही आसान नहीं होता, बल्कि शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार और बाजार जैसी आवश्यक सुविधाओं तक ग्रामीणों की पहुंच भी सुनिश्चित होती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि भारत रत्न एवं पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय श्री अटल बिहारी वाजपेयी ने वर्ष 2000 में छत्तीसगढ़ राज्य का निर्माण कर प्रदेश को नई पहचान दी। इसके साथ ही उन्होंने देश के गांवों के समग्र विकास को ध्यान में रखते हुए प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना की शुरुआत की। उनका मानना था कि सड़क के बिना गांवों का विकास संभव नहीं है, क्योंकि भारत गांवों का देश है और देश की आत्मा गांवों में बसती है। इसी दूरदर्शी सोच के साथ गांवों को सड़क संपर्क से जोड़ने की ऐतिहासिक पहल की गई। उन्होंने कहा कि आज उसी सोच को आगे बढ़ाते हुए ग्रामीण और वनांचल क्षेत्रों में सड़क एवं पुल-पुलियों के निर्माण कार्यों को प्राथमिकता दी जा रही है। इन निर्माण कार्यों से दूरस्थ क्षेत्रों का संपर्क मजबूत होगा और ग्रामीणों को बेहतर आवागमन सुविधा मिलेगी। साथ ही शिक्षा, स्वास्थ्य और बाजार जैसी मूलभूत सेवाओं तक पहुंच आसान होने से ग्रामीण जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव आएगा। उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कहा की पूरे प्रदेश में 774 सड़के बनाई जा रही है ओर कवर्धा जिले में 55 सड़क ओर 12 बृहत पुल शामिल है । कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत उपाध्यक्ष कैलाश चंद्रवंशी, नगर पालिका अध्यक्ष चन्द्रप्रकाश चंद्रवंशी, , पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष रामकुमार भट्ट, पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष संतोष पटेल, पंडरिया श्रीमती नन्दनी राजकुमार साहू, उपाध्यक्ष बोडला जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि रामकिंकर वर्मा , पूर्व जिला युवा मोर्चा अध्यक्ष मनीराम साहू , जिला पंचायत सदस्य प्रतिनिधि लोकचंद साहू , बोडला जनपद उपाध्यक्ष नंद श्रीवास , वरिष्ठ नागरिक श्याम तांबोली , रूपेश चंद्रवंशी जनपद सदस्य , कलेक्टर श्री गोपाल वर्मा, जिला पंचायत सीईओ श्री अभिषेक अग्रवाल, अधीक्षण अभियंता बी एस पटेल , कार्यपालन अभियंता एस के ठाकुर , एस डी ओ सौरभ देशमुख , एस डी ओ गौरव त्यागी , एस डी ओ मुरारी साहू एवं उप अभियंता अश्विनी ठाकुर , उप अभियंता रितेश नायडू , उप अभियंता हेमंत पाल , , सभापति बिहारी राम धुर्वे उपस्थित रहे । अधीक्षण अभियंता बी एस पटेल ने आभार प्रदर्शन किया ।

## एक नजर

### नशीले टेबलेट की अवैध बिक्री करते युवक गिरफ्तार



**भिलाई,18 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई मोहन नगर थाना क्षेत्र में पुलिस ने लिस्टेड गुंडा बदमाश प्रांजल यादव को नशीली टैबलेट की अवैध बिक्री करते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार किया है आरोपी से करीब 1 लाख 20 हजार 300 रुपए कीमत की प्रतिबंधित दवाएं और नकदी जब्त की गई है उसके खिलाफ एनडीपीएस एक्ट की धारा 8, 22 और 27 (क) के तहत मामला दर्ज कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया गया है मोहन नगर पुलिस ने बताया कि शंकर नगर निवासी प्रांजल यादव के आर्य नगर पानी टंकी के पास नशीली टैबलेट बेचने की सूचना मुखबिर से मिली थी इसके आधार पर मोहन नगर थाना पुलिस ने मौके पर दबिश दी और आरोपी को गिरफ्तार कर लिया तलाशी के दौरान उसके पास से करीब 300 नशीली टैबलेट बरामद हुईं, जिन्हें वह चोरी-छिपे बेच रहा था। प्रारंभिक जांच में सामने आया है कि आरोपी रिक्शा चलाकर जीवनयापन करने का दिखावा करता था, जबकि पर्दे के पीछे नशीली दवाओं का कारोबार चला रहा था। पुलिस को लंबे समय से उसकी गतिविधियों पर संदेह था, जिसके बाद पुख्ता सूचना मिलने पर कार्रवाई की गई 15 से अधिक मामले दर्ज मोहन नगर थाने पुलिस के अनुसार, आरोपी प्रांजल यादव के खिलाफ पहले से करीब 15 आपराधिक मामले दर्ज हैं।

### पुलिस ने फड़ में रेड मारकर 15 जुआरियों को पकड़ा



**भिलाई,18 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई सुपेला थाने पुलिस ने जुए की फड़ में रेड मारकर 15 जुआरियों को पकड़ा है इन में एक जुएं की फड़ संचालित करने वाले का पार्टनर भी शामिल है दोनों पार्टनर जुआरियों से 1-1 हजार रुपए लेकर जुआ खिलवा रहे थे है पुलिस ने जुआरियों के पास से 1.14 लाख रुपए नगद, 15 मोबाइल और 5 बाइक जब्त किया गया अधिकारियों के मुताबिक लंबे समय से जुआ की फड़ संचालित होने की जानकारी सामने आई है पहले भी एक पार जुएं की फड़ पर रेड कार्रवाई की गई थी इस वजह से कुछ दिनों तक फड़ बैठाना जुआरियों ने बंद कर दिया था? कुछ दिनों से दोबारा जुएं की फड़ बैठने लगी थी पुलिस फड़ संचालित करने वाले मुख्य आरोपी की तलाश कर रही है। पुलिस ने मौके से विक्की साहनी, विनय, हिमांचल दास, शैलेन्द्र यादव, हेमलाल ढीमर, सतीश गुर्दे, विज्जू जैन, किशन साहू, सोनू साव, जशवंत साहू, लक्की साहू, जुलेश लाल, हीरा सिंह, मोह. अरशद अंसारी और दिनेश साव को गिरफ्तार किया है ।

### सिगरेट मांगने पर विवाद



**भिलाई,18 अप्रैल (तछसं.)।** भिलाई छावनी प्रभारी अमित अंदानी ने बताया कि 7 अप्रैल को प्रार्थी मोहम्मद वसी ने छावनी थाना में शिकायत दर्ज कराई थी कि वह अयाज अहमद सिद्दीकी के कैरम सेंटर बड़ी मस्जिद के पास अहमदनगर कैंप दो भिलाई में बैठा हुआ था इस दौरान आरोपी शेख इमरान निवासी इमामबाड़ा कसाई मोहल्ला कैंप 2 द्वारा सिगरेट मांगने की बात पर विवाद किया विवाद बढ़ने पर आरोपी ने अपने साथियों के साथ मिलकर गाली गलौज करते हुए प्रार्थी का गला दबाया और धारदार वस्तु से हमला कर चोट पहुंचाया था। शिकायत के बाद पुलिस मामले की जांच कर रही थी। आरोपी को हिरासत में लेकर पूछताछ किया गया जहां आरोपी ने अपराध करना स्वीकार किया ।

## महिला आरक्षण बिल पर विपक्ष की हठधर्मिता नारी सम्मान के साथ विश्वासघात:हर्षा लोकमनी

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**उतई, 18 जून ।** जनभारतीय ता पार्टी की जिला उपाध्यक्ष श्रीमती हर्षा लोकमनी चंद्राकर ने एक विज्ञप्ति जारी कर कहा कि लोकसभा में महिला आरक्षण से जुड़ा महत्वपूर्ण संविधान संशोधन विधेयक पारित न हो पाना अत्यंत दुर्भाग्यपूर्ण और नारी शक्ति के साथ सीधा अन्याय है। यह केवल एक विधेयक नहीं था, बल्कि देश की माताओं-बहनों को उनका अधिकार दिलाने का एक ऐतिहासिक प्रयास था, जिसे कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों ने अपने संकीर्ण राजनीतिक स्वार्थ के चलते रोक



दिया।

भारतीय जनता पार्टी सदैव से महिला सशक्तिकरण की पक्षधर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने महिलाओं के सम्मान, सुरक्षा और अधिकारों के लिए कई ऐतिहासिक निर्णय लिए हैं। लेकिन जब देश की संसद में महिलाओं को राजनीतिक भागीदारी देने का समय आया, तब कांग्रेस और उसके सहयोगियों ने अपनी असली मानसिकता दिखा दी। श्रीमती चंद्राकर ने कहा कि आज स्पष्ट हो गया है कि कांग्रेस का नारी सम्मान केवल एक नारा है, जबकि सच्चाई यह है कि उन्होंने महिलाओं के हक को दबाने का काम किया है। विपक्ष की यह भूमिका न केवल दुर्भाग्यपूर्ण है, बल्कि देश की करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं के साथ खिलवाड़ भी है।

### सर्व ब्राह्मण समाज के महामंत्री बने विनोद



**भिलाई, 18 अप्रैल ।** राष्ट्रीय सर्व ब्राह्मण समाज द्वारा विनोद उपाध्याय को महामंत्री के पद पर नियुक्त किया गया है। समाज की बैठक में राष्ट्रीय महासचिव शशिकांत तिवारी मुख्य रूप से उपस्थित रहे, अध्यक्षता जिला भिलाई अध्यक्ष लक्ष्मीकांत तिवारी ने की।

## ट्रक-ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसो. ने जरूरतमंद परिवारों को दी आर्थिक सहायता



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 अप्रैल ।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह छोटू द्वारा एक बार फिर सामाजिक सरोकार का परिचय देते हुए अपने वाहन चालकों के परिवारों की मदद के लिए सराहनीय पहल की गई। एसोसिएशन ने वाहन चालक अविनाश चौधरी की बहन के विवाह हेतु 25,000 रु की नगद सहयोग राशि प्रदान की। इसी क्रम में अध्यक्ष इंद्रजीत सिंह के मार्गदर्शन में वाहन चालक अवध जोशी की बहन के विवाह के लिए भी 25,000 रु की सहायता राशि प्रदान की गई। इस अवसर पर महासचिव मलकीत सिंह, कोषाध्यक्ष जोगा राव, शाहनवाज कुरैशी, वाजिद अंसारी सहित अन्य पदाधिकारी एवं सदस्य उपस्थित रहे। सभी ने संबंधित परिवारों को सुखद वैवाहिक जीवन के लिए शुभकामनाएं प्रेषित कीं।

## डीपीएमएस के प्रभावी क्रियान्वयन को लेकर प्रशिक्षण



**भिलाई, 18 अप्रैल ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा डिजिटल प्रोजेक्ट मैनेजमेंट सॉल्यूशन के प्रभावी क्रियान्वयन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए बीएमडीसी, सेक्टर-7 में प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। उद्घाटन सत्र में कार्यपालक निदेशक पी. के. सरकार ने कहा कि डीपीएमएस के सफल क्रियान्वयन के लिए सभी हितधारकों का समन्वित प्रशिक्षण आवश्यक है। मुख्य महाप्रबंधक एम. के. गुप्ता, अनुराग उपाध्याय एवं उन्मेष भारद्वाज ने डीपीएमएस को एकीकृत निगरानी मंच बताते हुए समयबद्ध एवं लागत-नियंत्रित परियोजना निष्पादन पर बल दिया।

### ईपीएफ नॉन-रिफंडेबल लोन प्रक्रिया हुई ऑनलाइन

**भिलाई, 18 अप्रैल ।** भिलाई स्टील प्लांट के कर्मचारियों के कर्मचारी भविष्य निधि (ईपीएफ) से नॉन-रिफंडेबल लोन लेने की प्रक्रिया को पूरी तरह डिजिटल कर दिया गया है। यह नई ऑनलाइन सुविधा 18 अप्रैल से प्रभावी रूप से लागू हो जाएगी। इस प्रणाली की खास बात यह है कि आवेदन के दौरान ही कर्मचारियों को उनकी पात्रता की स्पष्ट जानकारी मिल जाएगी।

## आयुक्त ने लिया मौके का जायजा, पेयजल कार्यों में तेजी लाने के निर्देश

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 अप्रैल।** आयुक्त राजीव कुमार पाण्डेय ने जोन-5 अंतर्गत पाइप लाइन संधारण कार्य, उद्यान एवं वाटर एटीएम का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आयुक्त ने वार्ड क्रमांक 67, सेक्टर-07 पश्चिम में चल रहे पाइप लाइन संधारण कार्य का निरीक्षण करते हुए कार्य को शीघ्र पूर्ण करने के निर्देश दिए। यह कार्य भिलाई स्टील प्लांट प्रबंधन द्वारा कराया जा रहा है, जिसका उद्देश्य नागरिकों को स्वच्छ एवं शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराना है। वर्तमान



में क्षेत्र में संक्रमण की स्थिति को देखते हुए निगम द्वारा 3 टैंकरों से पेयजल आपूर्ति की जा रही है। साथ ही समीपस्थ वाटर एटीएम को 24 घंटे चालू रखा गया है तथा दो ट्यूबवेल से भी पानी उपलब्ध कराया जा रहा है ताकि नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा न हो। इसके बाद आयुक्त ने सड़क 37 के सामने स्थित उद्यान का निरीक्षण किया, जहाँ साफ-सफाई व्यवस्था संतोषजनक पाई गई। उन्होंने ट्यूबवेल पंप में प्रेशर की कमी को देखते हुए अतिरिक्त पाइप लगाने तथा पौधों की सिंचाई नियमित रूप से सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। इसके अलावा सेक्टर-07 मार्केट स्थित वाटर एटीएम का निरीक्षण करते हुए उन्होंने कहा कि नागरिकों को शुद्ध एवं प्रमाणित पेयजल उपलब्ध कराया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान जोन आयुक्त संजय वर्मा, सहायक अभियंता श्वेता महेश्वर एवं जोन स्वास्थ्य अधिकारी सागर दुबे उपस्थित रहे।

## तापमान बढ़ते ही निगम अलर्ट,आयुक्त के निर्देश पर विशेष सर्वे अभियान



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 अप्रैल ।** बढ़ते तापमान और भीषण गर्मी को देखते हुए नगर निगम द्वारा जन-स्वास्थ्य सुरक्षा के लिए विशेष जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। आयुक्त के निर्देश पर निगम की विशेष टीम एवं जिला मलेरिया विभाग के सहयोग से वार्डों में लगातार भ्रमण कर नागरिकों को लू से बचाव के उपाय बताए जा रहे हैं। इसी क्रम में जोन-02 वैशाली नगर के वार्ड-25, जवाहर नगर हाउसिंग बोर्ड स्थित प्रधानमंत्री आवास कॉलोनी में सघन सर्वे एवं सर्वेलेंस कार्य किया गया। इस दौरान टीम ने घर-घर जाकर नागरिकों को स्वास्थ्य संबंधी जानकारी दी तथा जागरूकता पाम्पलेट वितरित किए। निगम एवं स्वास्थ्य विभाग की संयुक्त टीम ने अब तक 400 से अधिक घरों में संपर्क कर नागरिकों को जागरूक किया है।

### संस्कृत के महान कवि थे बाबू रेवाराम:डॉ. शर्मा

**भिलाई, 18 अप्रैल ।** संस्कृत भाषा और भारतीय ज्ञान परंपरा को विश्व स्तर पर प्रतिष्ठित करने में महत्वपूर्ण भूमिका पर विचार रखते हुए भिलाई के साहित्य-संस्कृति सेवी महेश चंद्र शर्मा ने कहा कि संस्कृत ही भारतीय शिक्षा नीति की आत्मा है और इसने भारत को सांस्कृतिक पहचान प्रदान की है। वे रतनपुर में आयोजित परिचर्चा में अपनी पुस्तक छत्तीसगढ़ में संस्कृत पर संबोधन दे रहे थे। उपस्थित विद्वानों ने बाबू रेवा राम को संस्कृत साहित्य का महत्वपूर्ण स्तंभ बताते हुए कहा कि उन्होंने गीत माधवम्, सार रामायण दीपिका, ब्राह्मण स्तोत्रम्, गंगालहरी एवं नर्मदा लहरी जैसी उत्कृष्ट कृतियों की रचना की। परिचर्चा में पं. बलराम प्रसाद पांडेय एवं पं. श्यामसुंदर तिवारी सहित अनेक विद्वानों ने विचार व्यक्त किए।

### जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध

**दुर्ग, 18 अप्रैल।** जनगणना 2027 के तहत जिले में कार्य प्रक्रियाधीन है। जिला कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी के निर्देशानुसार जनगणना कार्य में लगे अधिकारियों और कर्मचारियों के अवकाश पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। अब बिना पूर्व अनुमति के कोई भी अधिकारी या कर्मचारी अवकाश पर नहीं जा सकेगा।छत्तीसगढ़ शासन, गृह विभाग (नवा रायपुर) के निर्देशानुसार भारत सरकार द्वारा जारी परिपत्र के तहत जनगणना 2027 का प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं गणना 1 मई 2026 से 30 मई 2026 तक निर्धारित किया गया है।

## कलेक्टर ने प्रधानमंत्री आवास योजना के कार्यों की समीक्षा की

**दुर्ग, 18 अप्रैल ।** कलेक्टर श्री अभिजीत सिंह ने आज कलेक्टोरेट सभाकक्ष में सभी नगर निगम आयुक्त, मुख्य नगर पालिका अधिकारी (नगर पालिका परिषद) एवं नगर पंचायत अधिकारियों की बैठक लेकर प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत अपूर्ण एवं अप्रारंभ कार्यों की विस्तारपूर्वक समीक्षा की। उन्होंने हितग्राहियों को निर्माण कार्य में सक्रिय रूप से प्रेरित करने को कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देशित किया कि वे अपने-अपने क्षेत्र में हितग्राहियों से सतत संपर्क बनाए रखते हुए निर्माण कार्यों की



नियमित निगरानी करें, ताकि निर्धारित लक्ष्य समय पर प्राप्त किया जा सके। कलेक्टर ने कहा कि निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप आवास निर्माण कार्यों को समय पर पूरा कर हितग्राहियों को उपलब्ध कराया जाए। जिन हितग्राहियों की निर्माण कार्य में रुचि नहीं है, उनकी बैठक लेकर उन्हें समझाइश दी जाए, इसके बावजूद रूचि नही लेने पर उनकी आवास स्वीकृति निरस्त करने की कार्यवाही करने को कहा। इसके साथ ही जिन हितग्राहियों ने अपने अंशदान की पूरी राशि जमा कर दी है, उन्हें प्राथमिकता के आधार पर आवास का पजेशन दिया जाए। कलेक्टर ने कहा कि शासन की मंशा के अनुरूप पात्र हितग्राहियों को समय पर आवास उपलब्ध कराना प्रशासन की जिम्मेदारी है। बैठक में अधिकारियों को नियमित मॉनिटरिंग करने, निर्माण कार्यों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और हितग्राहियों से निरंतर संवाद बनाए रखने के निर्देश दिए गए। साथ ही ठेकेदारों को कार्य में तेजी लाने के लिए कहा गया। कलेक्टर श्री सिंह ने निर्देश देते हुए कहा कि सभी लंबित कार्यों को मई माह तक हर हाल में पूरा किया जाए, ताकि हितग्राहियों को शीघ्र लाभ मिल सके। बैठक में नगर निगम भिलाई आयुक्त श्री राजीव पाण्डेय, नगर निगम दुर्ग आयुक्त श्री सुमित अग्रवाल, नगर निगम भिलाई चरोदा आयुक्त श्री दशरथ राजपूत, नगर निगम रिसाली आयुक्त श्रीमती मोनिका वर्मा सहित सभी मुख्य नगर पालिका अधिकारी उपस्थित थे।

## समाचार संक्षेप

### मेघा सिन्हा का सपना है इंजीनियर बनना दसवीं बोर्ड में शानदार सफलता

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**कवर्धा,18 अप्रैल।** कवर्धा की होनहार छात्रा मेघा सिन्हा ने सीबीएसई कक्षा 10 वीं बोर्ड परीक्षा में 97 प्रतिशत अंक अर्जित कर शानदार सफलता हासिल की है। श्री रामकृष्ण पब्लिक स्कूल की छात्रा मेघा, शारदा सिन्हा और दशरथ राम सिन्हा की सुपुत्री हैं। उनकी इस उपलब्धि से परिवार, विद्यालय और पूरे क्षेत्र में हर्ष और गर्व का माहौल है।मेघा शुरू से ही एक मेधावी और अनुशासित छात्रा रही हैं। उन्होंने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता, शिक्षकों और अपनी बड़ी बहन को दिया है, जिन्होंने हर कदम पर उनका मार्गदर्शन और हौसला बढ़ाया। मेघा का सपना इंजीनियरिंग क्षेत्र में जाकर अपने कौशल और ज्ञान से एक सफल करियर बनाना है। उन्होंने बताया कि नियमित अध्ययन, समय का सही प्रबंधन और निरंतर अभ्यास उनकी सफलता के मुख्य आधार रहे।विद्यालय प्रबंधन के अनुसार, मेघा की यह उपलब्धि उनकी कड़ी मेहनत, दृढ़ संकल्प और स्पष्ट लक्ष्य का परिणाम है। उनकी सफलता अन्य विद्यार्थियों के लिए भी प्रेरणादायक उदाहरण बनकर सामने आई है।

### आस्था ने मनाई अंबेडकर जयंती



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**भिलाई, 18 अप्रैल।** आस्था कार्यालय सेक्टर-2 में भारत रत्न डॉ. भीमराव अंबेडकर की जयंती मनाई गई। नर्सरी प्लांट के अधिकारी एडवोकेट लक्ष्मण बावणे एवं उनकी धर्मपत्नी ने बाबा साहेब के तैलचित्र पर पुष्पांजलि अर्पित किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित नागरिकों ने डॉ. अंबेडकर के समता, न्याय और बंधुत्व के संदेश को आत्मसात करने का संकल्प लिया तथा उनके योगदान को जन-जन तक पहुंचाने पर जोर दिया। यह जानकारी संस्था संचालक प्रकाश गेडाम द्वारा दी गई।

### कार्यपालक निदेशक बने संजय खंडेलवाल

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 18 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ स्टेट पावर ट्रांसमिशन कंपनी लिमिटेड में मुख्य अभियंता संजय खंडेलवाल को कार्यपालक निदेशक के पद पर पदोन्नत किया है। खंडेलवाल वर्तमान में दुर्ग क्षेत्र में मुख्य अभियंता के रूप में पदस्थ हैं और पदोन्नति के पश्चात भी वे दुर्ग में ही रहकर कार्यपालक निदेशक के रूप में अपनी नई जिम्मेदारियों का निर्वहन करेंगे।


### राज्यपाल से संजय मुनि की भेंट

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भिलाई, 18 अप्रैल ।** राजस्थान के राजभवन जयपुर में राज्यपाल से शिष्टाचार भेंट कर आचार्य संजय मुनि महाराज के सामाजिक एवं आध्यात्मिक सेवा कार्यों पर विस्तृत चर्चा की गई। इस अवसर पर राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रदीप जैन बाकलीवाल सहित अनेक गणमान्यजन उपस्थित रहे। इस दौरान संजय मुनि महाराज जी के अहिंसा, शाकाहार, गौ सेवा, अभयदान, जीव दया एवं जरूरतमंदों की मानवीय सहायता जैसे कार्यों तथा अहिंसा संदेश योजना की सारगर्भित जानकारी राज्यपाल को प्रस्तुत की गई। राष्ट्रीय प्रवक्ता द्वारा सचिव राजकुमार के समक्ष सभी गतिविधियों का विस्तार पूर्वक विवरण रखा गया।

### दो दशक बाद फिर लौटी सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता



**भिलाई, 18 अप्रैल ।** सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के सुरक्षा अभियांत्रिकी विभाग द्वारा सेक्टर-10 स्थित बीएसपी सीनियर सेकेंडरी स्कूल सेक्टर-10 में कक्षा 9वीं एवं 10वीं के विद्यार्थियों के लिए सेफ्टी क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। उल्लेखनीय है कि यह आयोजन दो दशक से अधिक समय के अंतराल के बाद पुनः प्रारंभ किया गया है। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य महाप्रबंधक देबदत्त सत्पथी, महाप्रबंधक प्रभारी एस. के. अग्रवाल एवं महाप्रबंधक शिखा दुबे उपस्थित रहीं। विशिष्ट अतिथि के रूप में प्राचार्य सुमिता सरकार मौजूद रहीं।

## एक नजर

### जनगणना कार्य में लगे अधिकारी - कर्मचारियों का अवकाश प्रतिबंधित

**बलौदाबाजार 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** राज्य शासन के निर्देशानुसार जिले में जनगणना कार्य में लगे अधिकारी -कर्मचारियों के अवकाश प्रतिबंधित किया गया है। इस सम्बन्ध में कलेक्टर कुलदीप शर्मा के द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। आदेश में कहा गया है कि जनगणना-2027 के प्रथम चरण मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना का कार्य पूर्ण किये जाने हेतु 1 से 30 मई 2026 तक समय-सीमा निर्धारित है। जिले में जनगणना कार्य में लगे किसी भी अधिकारी - कर्मचारी को कलेक्टर के पूर्व अनुमोदन के बिना अवकाश स्वीकृत नहीं किया जाएगा। कोई भी अधिकारी -कर्मचारी बिना पूर्व अनुमति के मुख्यालय नहीं छोड़ेंगे।विशेष परिस्थितियों में जिला जनगणना शाखा के माध्यम से अवकाश आवेदन प्रस्तुति उपरांत अवकाश स्वीकृत किया जाएगा। पूर्व में कार्यालय प्रमुख द्वारा स्वीकृत अवकाश के प्रकरणों में जिला जनगणना शाखा के माध्यम से अवकाश हेतु पुनः आवेदन प्रस्तुत कर कलेक्टर एवं प्रमुख जिला जनगणना अधिकारी से अनुमोदन लिया जाना अनिवार्य होगा अन्यथा की स्थिति में अवकाश स्वीकृति मान्य नहीं होगी।आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध नियमानुसार कार्यवाही क़ी जाएगी।

### डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में प्रवेश हेतु आवेदन 28 अप्रैल तक

**बलौदाबाजार 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले में संचालित डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल में प्री प्राथमिक क़ी प्रारंभिक कक्षा में प्रवेश हेतु आवेदन 28 अप्रैल तक निर्धारित किया गया है। डीएव्ही मुख्यमंत्री पब्लिक स्कूल सकरी, छरछेद एवं टिकुलिया में 8 प्रतिशत निःशुल्क शासकीय कोटा के लिये आरक्षित है जिसमें प्रत्येक स्कूल में 7 सीट अनुसूचित जति एवं जनजाति वर्ग के बीपीएल श्रेणी के लिए आरक्षित है।इन स्कूलों में प्री प्राथमिक क़ी प्रारंभिक कक्षा में प्रवेश हेतु निर्धारित तिथि तक आवेदन सम्बधित स्कूल अथवा जिला शिक्षा अधिकारी कार्यलय में जमा किया जा सकता है।

### प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना के तहत ऋण हेतु आवेदन आमंत्रित

**बलौदाबाजार 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र द्वारा प्रधानमंत्री सूक्ष्म खाद्य उन्नयन योजना (पीएमएफ्एमई) अंतर्गत खाद्य प्रसंस्करण उद्यम स्थापित करने के लिये इच्छुक व्यक्तियों से आवेदन आमंत्रित किया गया है। प्रसंस्कण उद्योग इत्यादि को ऋ्रण सहायता राष्ट्रीयकृत बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी। योजना के तहत नवीन या विद्यमान माईक्रो फूड प्रोसेसिंग उद्यमों यथा मसाला उद्योग, मुरमरा (मुर्रा), पोहा, मिनी राईस मिल, राईस मिल, आटा चक्की, पशु आहार उद्योग, दलिया, बेकरी उत्पाद, आचार, पापड़, नमकीन, भुजिया, चिप्स, मिष्ठान निर्माण, जैम जैली, जूस एवं पल्प तथा अन्य फ्ल एवं सब्जी प्रसंस्कण उद्योग इत्यादि को ऋ्रण सहायता राष्ट्रीयकृत बैंक के माध्यम से उपलब्ध कराई जाएगी।योजना में प्रोजेक्ट लागत के 35 प्रतिशत पर क्रेडिट-लिंक्ड कैपिटल सब्सिडी का प्रावधान है।अधिकतम सब्सिडी 10 लाख रू. तक प्रति उद्यम है। आवेदक की आयु 18 वर्ष से अधिक होनी चाहिए तथा इसके लिए कोई न्यूनतम शैक्षणिक योग्यता निर्धारित नहीं है। आवेदन के लिए कार्यालय जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र, संयुक्त जिला कार्यालय भवन, कक्ष क्रमांक 63, 71 में संपर्क कर सकते है । योजना के संबंध में विस्तृत जानकारी के लिए जितेन्द्र धिरही, प्रबंधक मोबाईल नंबर-90988-98088, प्रमोद कुमार टण्डन, प्रबंधक मोबाईल नंबर-98935-72140 एवं नारायण सिंह ठाकुर, प्रबंधक मोबाईल नंबर-98271-92183 पर भी संपर्क कर सकते है।

### चोरी के 4 आरोपियों को किया गया गिरफ्तार

**बलौदाबाजार 18 अप्रैल (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** प्रार्थी कलीराम निषाद ग्राम तुलसी द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि दिनांक 12.04.2026 की रात्रि 10:00 बजे वह ग्राम तुलसी स्थित अपनी दुकान में ताला लगाकर चला गया था, फ्रि दिनांक 13.04.2026 को सुबह आकर देखा तो दुकान का कुंडी तोड़कर अज्ञात आरोपियों द्वारा दुकान अंदर रखे 04 सिलेंडर, एक इलेक्ट्रॉनिक तौल मशीन एवं नगदी रकम 7000 को चोरी कर लिया गया था, कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 154/2026 धारा 331(4),305(1),3(5) बीएनएस का प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में थाना सिमगा पुलिस द्वारा जांच एवं विवेचना कार्यवाही प्रारंभ किया गया। साथ ही घटनास्थल के आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज का गहन अवलोकन किया गया, जिसमें कुछ आरोपी संदिग्ध अवस्था में दुकान के आसपास घूमते पाए गए, जिसके आधार पर विधि से संघर्षरत एक बालक सहित कुल 04 आरोपियों को हिरासत में लिया गया।

### निधन

**डोंगरगढ़।** विकासखंड के ग्राम अछोली निवासी श्री भानुमति साहू का 17 अप्रैल क़ो उनके गृह ग्राम मे आकस्मिक निधन हो गया वह ग्राम पंचायात - अछोली के उप सरपंच पुखराज साहू के माता एवं आंगनबाड़ी केंद्र क्रमांक - 03 के कार्यकर्ता थी,जीनका अंतिम संस्कार आज 18 अप्रैल क़ो सूबह 10 बजे अछोली के मुक्ति धाम किया जाएगा ! ईश्वर उनके परिवार दुख के इस क्षण को सहन करने की शक्ति प्रदान करें !



# मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत 51 जोड़े दाम्पत्य सूत्र में बंधे

- केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहब ने नवयुगलो को दिये आशीर्वाद, समरसता भवन के लिए 20 लाख देने की घोषणा

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 18 अप्रैल।** मानवता सतनाम सेवा समिति कैलाशगढ़ एवं एकीकृत महिला एवं बाल विकास विभाग के संयुक्त तत्वावधान में मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अंतर्गत सतनामी समाज के 51 जोड़े का सामूहिक आदर्श विवाह कार्यक्रम गुरुवार को गुरुद्वारा धाम कैलाशगढ़ में संपन्न हुआ। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में केबिनेट मंत्री गुरु खुशवंत साहब शामिल हुए।कार्यक्रम की अध्यक्षता पूर्व विधानसभा अध्यक्षा गौरीशंकर अग्रवाल ने की। अतिविशिष्ट अतिथि के रूप में कसडोल विधायक संदीप साहू उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए मंत्री गुरु खुशवंत साहब ने कहा कि आज के समय में विवाह जैसे पवित्र बंधन को अनावश्यक खर्च और दिखावे से दूर रखना अत्यंत आवश्यक है। उन्होंने आदर्श विवाह को समाज के लिए एक अनुकरणीय पहल बताते हुए कहा कि इससे आर्थिक रूप से कमजोर परिवारों को राहत मिलती है और सामाजिक समानता को बढ़ावा मिलता है। उन्होंने मंच से सभी 51 नवविवाहित जोड़ों को सुखमय दांपत्य जीवन के लिए आशीर्वाद देते हुए संकल्प भी दिलाया। समिति की मांग पर उन्होंने सामाजिक समरसता भवन के निर्माण हेतु 20 लाख रुपये की घोषणा की, जिससे क्षेत्र में सामाजिक गतिविधियों को और मजबूती मिलेगी। अध्यक्षता कर रहे गौरीशंकर अग्रवाल ने अपने संबोधन में समिति के इस प्रयास को सराहनीय बताते हुए कहा कि ऐसे आयोजन समाज में सकारात्मक परिवर्तन लाने का माध्यम बनते हैं। विधायक संदीप साहू ने भी नवदम्पत्तियों को आशीर्वाद देते हुए समिति के कार्यों की प्रशंसा की और इसे सामाजिक जागरूकता का प्रतीक बताया। इस अवसर पर जनपद अध्यक्ष सुलोचना यादव,जिला पंचायत सदस्य रवि बंजारे,विमल साहू,प्रगतिशील सतनामी समाज के प्रदेश महासचिव मोहन बंजारे,जनपद सदस्य कालिंन्द्री सोनवानी सहित अन्य जनप्रतिनिधि एवं समाज के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या समाज के लोग उपस्थित थे।

# जन शिकायतों के त्वरित निराकरण के लिए शुरू होगा सुशासन तिहार

- 1 मई से 10 जून तक ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में शिविर का आयोजन
- औचक निरीक्षण से विकास कार्यों का लिया जाएगा फीड बैक

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 18 अप्रैल।** राज्य शासन के निर्देशानुसार आमजन की समस्याओं के त्वरित एवं प्रभावी निराकरण के उद्देश्य से इस वर्ष भी सुशासन तिहार 2026 का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने प्रदेश के सभी जिला कलेक्टरों को पत्र जारी कर इस अभियान सफ्ल आयोजन को लेकर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए हैं।

30 अप्रैल तक लंबित प्रकरणों के निराकरण के निर्देश- सुशासन तिहार अंतर्गत 30 अप्रैल 2026 तक जिले में लंबित प्रकरणों के निराकरण हेतु विशेष अभियान चलाया जाएगा।इसके अंतर्गत भूमि संबंधी प्रकरण जैसे नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन, मनरेगा अंतर्गत लंबित मजदूरी भुगतान, हितग्राहीमूलक योजनाओं के लंबित भुगतान, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, बिजली एवं ट्रांसफ्मर संबंधी समस्याएं तथा हैंडपंप सुधार जैसे मुद्दों का प्राथमिकता से समाधान सुनिश्चित किया जाएगा।साथ ही पात्र हितग्राहियों को उज्ज्वला योजना, राशन कार्ड, आयुष्मान भारत एवं सामाजिक सुरक्षा पेंशन जैसी योजनाओं का लाभ दिलाने पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए गए हैं।

01 मई से 10 जून तक लगेंगे जन समस्या निवारण शिविर-सुशासन तिहार के अंतर्गत 1 मई से 10 जून 2026 तक जन समस्या निवारण शिविरों का आयोजन किया जाएगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 15 से 20 ग्राम पंचायतों के समूह तथा शहरी क्षेत्रों में वार्ड क्लस्टर के आधार पर शिविर आयोजित होंगे। इन शिविरों में शासन की विभिन्न योजनाओं के संबंध में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा तथा पात्र हितग्राहियों को मौके पर ही लाभान्वित किया जाएगा। शिविरों में प्राप्त आवेदनों का अधिकतम एक माह के भीतर निराकरण सुनिश्चित करने तथा प्रत्येक आवेदक को उसके आवेदन की स्थिति की जानकारी देने के निर्देश भी दिए गए हैं। कलेक्टर कुलदीप शर्मा ने पंचायतों एवं नगरीय निकायों में शिविर क़ी तैयारी हेतु आवश्यक निर्देश दिये हैं इसके साथ ही पूरे कार्यक्रम का नोडल अधिकारी, शिविर नोडल अधिकारी भी बनाए जाएंगे। विकास कार्यों का औचक निरीक्षण एवं समीक्षा बैठकें-अभियान के दौरान मुख्यमंत्री श्री साय स्वयं विभिन्न जिलों में पहुंचकर विकास कार्यों और योजनाओं के क्रियान्वयन का औचक निरीक्षण करेंगे तथा हितग्राहियों से फीडबैक लेंगे। इसके साथ ही जिला मुख्यालयों पर अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक आयोजित कर समाधान शिविरों में प्राप्त आवेदनों के निराकरण की स्थिति एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा की जाएगी। मुख्यमंत्री द्वारा निरीक्षण एवं समीक्षा बैठक के उपरांत प्रेसवार्ता को संबोधित किया जाएगा तथा विभिन्न सामाजिक संगठनों एवं नागरिकों से भेंट कर सुझाव प्राप्त किए जाएंगे।

## शासकीय नौकरी लगाने के नाम पर धोखाधड़ी, दो आरोपी गिरफ्तार

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता





**बलौदाबाजार 18 अप्रैल।** प्रार्थी नंदकुमार साहू निवासी ग्राम बरेली द्वारा रिपोर्ट दर्ज कराया गया कि उसके द्वारा छात्रावास अधीक्षक के पद पर जिला बस्तर के लिए आवेदन किया गया था, साथ ही उसके ग्राम के मित्र अजीत कुमार द्वारा पुलिस मुख्यालय में कंप्यूटर ऑपरेटर पद के लिए आवेदन किया गया था। इसी दौरान दिनांक 22.03.2024 को आरोपियों द्वारा प्रार्थी एवं उसके मित्र की नौकरी लगवा देने का लालच दिया गया एवं इसके लिए रुपए की मांग किया गया। तत्पश्चात आरोपियों द्वारा षडयंत्र पूर्वक प्रार्थी एवं अजीत कुमार का रेलवे विभाग में नौकरी लग गया है कहते हुए फर्जी नियुक्ति पत्र देकर कुल ?4,90,500 रकम लेकर धोखाधड़ी किया गया है। कि रिपोर्ट पर अपराध क्र. 281/2024 धारा 420,467,468,471,120बी, 34 भादवि का प्रकरण पंजीबध्द कर विवेचना में लिया गया। कि प्रकरण में पुलिस अधीक्षक श्रीमति भावना गुप्ता के कुशल निर्देशन में चौकी गिरौदपुरी पुलिस द्वारा प्रकरण में जांच एवं विवेचना कार्यवाही करते हुए तथा प्रकरण के प्रार्थी एवं अन्य गवाहों से विस्तृत पूछताछ के आधार पर, न्यायालयीन प्रक्रिया के तहत आरोपी नरेश मनहर एवं कुनाल उर्फ हीरा दिवाकर को हिरासत में लिया गया, जिससे पूछताछ करने पर आरोपियों द्वारा प्रार्थी एवं उसके मित्र का शासकीय विभाग में नौकरी लगाने के नाम पर रुपए लेकर धोखाधड़ी करना स्वीकार किया गया। प्रकरण में दोनों आरोपियों को आज दिनांक 16.04.2026 को विधिवत गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने की प्रक्रिया की जा रही है।

## अलका बनी भाजपा महिला मोर्चा की जिला मंत्री

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**डोंगरगढ़ 18 अप्रैल।** वार्ड क्रमांक 8 की पूर्व पार्षद अलका जयेश सहारे को भाजपा ने बड़ा दायित्व सोपा है ।भाजपा प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, भाजपा प्रदेश महामंत्री संगठन पवन साय, महिला मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष विभा अवस्थी ,के मार्गदर्शन एवं जिला प्रभारी के निर्देशानुसार भाजपा राजनांदगांव जिलाध्यक्ष कोमल सिंह राजपूत के अनुशंसा से जिला अध्यक्ष महिला मोर्चा पुष्पा गायकवाड द्वारा विगत दिनों जिला कार्य करनी की घोषणा की गई जिसमें नगर के वार्ड क्रमांक 8 की पूर्व पार्षद व रेलवे बोर्ड सलाहकार समिति सदस्य और शहर मंडल भाजपा मंत्री अलका जयेश सहारे को पार्टी में उनकी सक्रियता को देखते हुए जिला महिला मोर्चा मंत्री बनाया गया है। ज्ञात हो कि पूर्व में अपने कार्यकाल के दौरान शासन की केंद्र एवं राज्य की योजना अंतर्गत, शिक्षा, स्वास्थ्य, सामाजिक, मूलभूत सुविधा, पेयजल सुविधा अन्य कई कार्य राज्य शासन एवं केंद्र शासन से करोड़ों रुपए स्वीकृत कराकर किया गया था, उनके द्वारा कराए गए कार्यों को देखते हुये बनाया गया, जिस शहर के गणमान्य के द्वारा अलका जयेश सहारे को बधाई दी गई एवं खुशी जाहिर की है।

**जिले में 193 हेक्टेयर क्षेत्र में रागी की खेती**

# फसल विविधिकरण से बदली किसानों की तकदीर

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**बलौदाबाजार, 18 अप्रैल।** जिले में कृषि विविधिकरण की नई तस्वीर उभर रही है। किसान परम्परागत धान फ्सल के साथ-साथ फ्सल चक्र परिवर्तन को अपना रहे हैं और दलहन, तिलहन एवं लघु धान्य फ्सलों (कोदो, रागी) की खेती की ओर अग्रसर हो रहे हैं। ग्रीष्मकालीन धान के स्थान पर अब अन्य फ्सलों के साथ-साथ रागी की खेती में बढ़ती भागीदारी से जिले में सकारात्मक बदलाव हो रहा है। यह परिवर्तन न केवल किसानों की आय बढ़ाने में सहायक बन रहा है बल्कि भूमि की उर्वरता संरक्षण और जल संसाधनों के संतुलित उपयोग में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है।

कृषि विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार वर्तमान रबी सीजन में लगभग 193 हेक्टेयर क्षेत्र में रागी की खेती जिले के किसानों द्वारा की जा रही है।राष्ट्रीय कृषि विकास योजना अंतर्गत विकासखण्ड भाटापारा के ग्राम सेमराडीह, सिंगारपुर, निपनिया, कुम्हारखान सहित अन्य ग्रामों में रागी की खेती की जा रही है। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा किसानों को तकनीकी मार्गदर्शन, गुणवत्तापूर्ण बीजों की उपलब्धता का लाभ देकर वैकल्पिक फ्सलों की खेती के लिए निरंतर प्रयास एवं प्रोत्साहित किया जा रहा है।

उप संचालक कृषि दीपक कुमार नायक के मार्गदर्शन में लगाए गए रागी फ्सल प्रदर्शन का निरीक्षण कृषि विभाग के अधिकारियों द्वारा किया गया। अधिकारियों ने कृषक नन्दराम वर्मा के खेत में पहुंचकर रागी फ्सल की वृद्धि, पोषण प्रबंधन की स्थिति एवं उत्पादन संभावनाओं का अवलोकन किया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने किसानों को संतुलित उर्वरक उपयोग, समय पर सिंचाई एवं कीट-रोग प्रबंधन के संबंध में आवश्यक मार्गदर्शन प्रदान किया। साथ ही रागी जैसी पोषक एवं कम लागत वाली फ्सल को अपनाने के लिए किसानों को प्रोत्साहित किया गया।

उल्लेखनीय है कि रागी खाने से कई स्वास्थ्य लाभ होते हैं। इससे बनी रोटियां शुगर, बीपी और कुपोषण जैसी समस्याओं से जूझ रहे लोगों के लिए फायदेमंद हैं। खासतौर पर कुपोषित बच्चों को रागी खिलाने से पोषण की कमी पूरी हो जाती है। मिलेट (रागी) बदलते मौसम की स्थिति का सामना कर सकता है, कम इनपुट की आवश्यकता होती है, कम अवधि में बढ़ता है और लगभग सभी प्रकार की मिट्टी में अच्छी तरह से ढल जाता है।

इस दौरान वरिष्ठ कृषि विकास अधिकारी अवधेश उपाध्याय, कृषि विकास अधिकारी हरीकिशन महिलांग, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारी श्री खिलेश डिन्डेकर एवं एग्रीकल्चर टेक्नोलॉजी मैनेजर मुकेश तिवारी उपस्थित रहे।

## महिला आरक्षण बिल गिराना नारी शक्ति का अपमान: रानी जैन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**तिल्दा नेवरा 18 अप्रैल।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने सदन में बहुत बड़ी बात कहीः हम यहां श्रेय लेने की राजनीति करने नहीं आए हैं। हम 70 करोड़ माताओं बहनों को उनका हक देने आए हैं। और विपक्ष का जवाब क्या था? पूरा विपक्ष एकजुट होकर महिला आरक्षण बिल गिराने आ गया। जो नारी शक्ति का अपमान है उक्त बात बीजेपी तिल्दा महिला मोर्चा अध्यक्ष पार्षद रानी सौरभ जैन ने कहा रानी जैन ने बताया कि 27 साल से ये बिल लटका था। कांग्रेस ने 60 साल राज किया, बिल नहीं लाए। 2010 में लाए भी तो लोकसभा में खुद दबा दिया। आज जब मोदी जी नारी शक्ति वंदन अधिनियम लेकर आए, तो विपक्ष को श्रेय की चिंता सताने लगी। सोचिए, जिनके लिए श्रेय जरूरी है वो बिल गिरा रहे हैं। और जिसके लिए महिलाओं का हक जरूरी है, वो बिल ला रहा है। मोदी जी की नीयत साफ हैः पंचायत से संसद तक आधी आबादी को पूरा हक देना है। श्रेय की भूख नहीं है, सेवा का भाव है। तभी तो कहा कि ये कानून मेरा नहीं, देश की हर माता बहन का है। विपक्ष बेनकाब हो गया। श्रेय नहीं मिलेगा इस डर से इन्होंने महिलाओं का हक छीन लिया। देश की महिलाएं सब समझ रही हैं। श्रेय वो खुद तय करेंगी कि किसको देना है।

## सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों-कर्मियों के अनुभवों का लिया जाएगा लाभ



■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**बलौदाबाजार 18 अप्रैल।** जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस द्वारा सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारियों/कर्मचारियों के साथ संवाद कर उनके वर्षों के अनुभव को फ्रि से समाज की सुरक्षा में जोड़ा जा रहा है। इसी क्रम में आज दिनांक 17.04.2026 को शाम 05:00 बजे पुलिस कार्यालय बलौदाबाजार में सेवानिवृत पुलिस अधिकारी कर्मचारी चारी का सम्मेलन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान पुलिस अधीक्षक श्रीमती भावना गुप्ता द्वारा कहा गया कि अपने सेवाकाल के दौरान मिले आपके अनुभव पुलिस विभाग के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह बैठक आप सभी से आपसी सामंजस्य एवं परस्पर संवाद के लिए आयोजित किया गया है। आप सभी एक सामान्य नागरिक की भांति आम जनों के मध्य रहते हैं, जिसमें आपके माध्यम से क्षेत्र में अवैध गतिविधियों की सूचना पुलिस को आसानी से मिल सकती है। साथ ही किसी भी प्रकार की विकट स्थिति अथवा दुर्घटना आदि की स्थिति में आप सभी पुलिस का एक अभिन्न अंग बनकर शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें। अब ये सभी अनुभवी सेवानिवृत्त पुलिस अधिकारी अपने-अपने क्षेत्रों में पुलिस की मदद करते हुए संदिग्ध गतिविधियों की जानकारी देंगे और बीट पुलिसिंग को मजबूत बनाएंगे। आपकी सुरक्षा, हमारी जिम्मेदारी जिला बलौदाबाजार-भाटापारा पुलिस आप सभी से अपील करती है, कि किसी भी संदिग्ध गतिविधि की जानकारी तुरंत पुलिस को दें और सुरक्षित समाज बनाने एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने में पुलिस का सहयोग करें। आपका एक संदेश, एक फोन कॉल ड्क अपराध पर निश्चय ही रोक लगा सकता है।

## कर्मचारी राज्य बीमा निगम ने किया स्वास्थ्य जागरूकता शिविर का आयोजन

**बलौदाबाजार, 18 अप्रैल।** कर्मचारी राज्य बीमा निगम बलौदाबाजार द्वारा शुक्रवार को अडानी सीमेंट प्लांट रवान में जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में ई.एस.आई.सी.के द्वारा मिलने वाले लाभ की जानकारी दी गई। बीमा चिकित्सा पदाधिकारी डॉ. प्रफुल्ल मिंज एवं कार्यालयीन कर्मचारियों द्वारा हितग्राहियों को मिलने वाले चिकित्सा लाभ,अवकाश लाभ आश्रित जन लाभ रिफर एवं चिकित्सा पुनर्भुगतान बिल संबंधित जानकारी प्रदान की गई। शिविर में ई.एस.आई.सी.बलौदाबाजार केन्द्र के डॉ. प्रफुल्ल चंद मिंज, देवेन्द्र नायक अश्वनी निर्मलकर, नारायण धीवर एवं अडानी सीमेंट प्लांट से शांति रंजन तिर्की, विक्रम जीत सिंह, डॉ. बी अमृत, डॉ. शुभ्रा भट्टाचार्य एवं कंपनी में कार्यरत सुपरवाईजर एवं बीमित व्यक्तियों द्वारा उपस्थित होकर विशेष सहयोग किया गया। ई.एस.आई.सी.बलौदाबाजारकेन्द्र के अधिकारियों द्वारा जानकारी दी गई की मासिक जागरूकता एवं स्वास्थ्य जांच शिविर नियमित रूप से प्रतिमाह अलग-अलग कंपनियों एवं ऐसे संस्थानों में जहां श्रमिकों का ई.एस.आई.सी.में अंशदान किया जा रहा है। का आयोजन कर श्रमिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं उपलब्ध कराई जा रही है।



# डिग्री मतलब रोजगार की गारंटी नहीं है

रोजगार दो क्षेत्रों में मिला करता है। एक सरकारी क्षेत्र और दूसरा निजी क्षेत्र।सरकारी क्षेत्र में रोजगार के अवसर सीमित होते हैं लेकिन ज्यादातर लोग सरकारी नौकरी चाहते हैं और अवसर सीमित होने के कारण सबको सरकारी नौकरी मिलती नहीं है। सरकारी नौकरी की मांग ज्यादा है, इसलिए उसके प्रतिस्पर्धा भी सबसे ज्यादा है।जो प्रतिस्पर्धा मे सफल होते हैं, उनको सरकारी नौकरी मिलती है।निजी क्षेत्र मे सरकारी से ज्यादा रोजगार के मौके होते हैं। आदमी के पास किसी भी तरह की योग्यता है, जिसकी निजी क्षेत्र में मांग है तो वहां उसको काम की कमी नहीं है।यही वजह है निजी क्षेत्र में देश के सबसे ज्यादा लोगों को रोजगार मिलता है। कई लोग इसलिए उच्च शिक्षा प्राप्त करते हैं कि उनके पास उच्च शिक्षा की डिग्री होगी तो नौकरी तो मिल ही जाएगी। लेकिन कड़वी सच्चाई यह है कि जिनके पास उच्च शिक्षा की डिग्री है उनको भी नौकरी नही मिलती है। यानी डिग्री या उच्चशिक्षा की डिग्री होने का मतलब यह नहीं है कि नौकरी मिलने की गारंटी है।छत्तीसगढ़ के रोजगार कार्यालय के आंकड़ों के मुताबिक तो १५ लाख शिक्षित बेरोजगार है,इनमें से ४.७ लाख युवाओं के पास उच्च शिक्षा की डिग्री है,लेकिन उनको नौकरी नहीं मिल रही है। बीई,बीटेक,आईटीआई डिप्लोमा कर बेरोजगारों की संख्या ३.५९ लाख है।उनके पास स्किल है लेकिन उनको नौकरी नहीं मिल रही है। बताया जाता है उनके पास वो स्किल नही है, जिसकी बाजार में मांग है। कोई भी प्रदेश हो वहां शिक्षा व रोजगार के बीच असंतुलन गंभीर समस्या है।शिक्षा संस्थानों की संख्या बढ़ने से राज्य में शिक्षित युवाओं की संख्या तो बढ़ती है लेकिन शिक्षित युवाओं के लिए रोजगार के उतने अवसर नहीं बढ़ते हैं। ऐसे में युवाओं को निजी क्षेत्र में रोजगार के लिए प्रयास करना पड़ता है। निजी क्षेत्र में रोजगार के अवसर बहुत है, लाखो करोड़ों लोगों को रोजगार मिला भी हुआ है।निजी क्षेत्र में सीधा सा गणित होता है कि जैसी योग्यता की बाजार में मांग है, वैसी योग्यता है तो युवाओं को बहुत पैसा मिलता है। औसत योग्यता वालों को उतना ही मिलता है जितना औसत योग्यता वालों को मिलना चाहिए। ऐसा भी नहीं है कि सरकार शिक्षित व श्रमिक वर्ग के लिए कुछ नहीं करती है। सरकार के प्रयास से ही यह तय होता है कि किस पद पर कितना वेतन मिलेगा,कुशल,अकुशल व अर्धकुशल श्रमिक को कम से कम कितना पैसा मिलना चाहिए। इसके बाद भी कई क्षेत्रों में लोगों को तय पैसा भी नहीं मिलता है। निजी क्षेत्र मे बहुत से लोगों को कम वेतन में काम करना पड़ता है क्योंकि उनके पास विकल्प नहीं होता है।कई क्षेत्र में लोगों से ज्यादा वेतन पर्ची पर हस्ताक्षर करवा कर कम पैसे दिए जाते हैं।कई जगह सरकार द्वारा घोषित वेतनमान नहीं दिया जाता है। वेतनमान न देना पड़े इसलिए संविदा में काम कराया जाता है।

आदमी चाहे कम वेतन मे काम करे,संविदा में काम करे,उसका शोषण तो होता है तो इसके लिए सरकार को लोग दोषी ठहरा सकते हैं। लेकिन यह भी समझने की जरूरत है कि बेरोजगारों की संख्या बढ़ जाती है,बहुत होती है तो उनकी मांग कम हो जाती है। यानी श्रम सस्ता हो जाता है, यानी ज्यादा पैसा नहीं मिलता है।भारत में लोगों को काम का ज्यादा पैसा नहीं मिलता है यह एक समस्या है यानी इसे जहां श्रमिकों के नजरिए से देखा जाए तो उनको ज्यादा पैसा न मिलना एक समस्या तो है, लेकिन औद्योगिक क्षेत्र के विकास के लिए भारत में श्रम सस्ता होना एक ऐसी विशेषता है कि दूसरे देशों के उद्योगपति यहां कारखाने लगाने आ रहे हैं। यानी भारत मे श्रम सस्ता होने के कारण भारत का औद्योगिक विकास तेजी से हो रहा है।यानी जितने कल कारखाने देश व राज्यो मे लगेगे लोगों को आने वाले दिनों में उतना ही रोजगार मिलेगा। श्रमिक अशांति फैलाने वालों को समझने की जरूरत है कि रोजगार सबको तब ही मिलेगा जब देश में उद्योग लगेंगे,उद्योग तब ही किसी देश में लगते हैं जब वहां शांति होती है।

**वैश्विक-विश्लेषण**

# नफरत, युद्ध और कराहती मानवता

**संजीव ठाकुर**

विश्व युद्ध की आशंका से पूरी दुनिया की मानवता पूरी तरह से सहमी हुई है। रूस-यूक्रेन, इसराइल-हमास-फिलिस्तीन युद्ध और अब इसराइल ईरान अमेरिका का भयावह संग्राम पता नहीं पृथ्वी पर उसके निवासियों को किस अशांति और हिंसा की दिशा में ले जाएगा ? भारत ने पहलगाम में आतंकवादी हमले से 27 निरीह लोगों की हत्या के परिणाम स्वरूप जवाबी कार्रवाई पर ऑपरेशन सिंदूर चला कर पाकिस्तान के अंदर घुसकर आतंकवादियों के ठिकानों तथा लगभग 21 हवाई ठिकानों को नष्ट करना पड़ा तब जाकर पाकिस्तान घुटनों पर आया और संधि वार्ता के लिए रहम की भीख मांगता रहा। इसराइल पर हमास ने आतंकवादी हमला कर 1200 लोगों की जान ले ली उसे आतंकवादी हमले के जवाब में इजरायल हमास तथा गाजा पट्टी को समूल नष्ट करने पर उतारू है और वर्तमान स्थिति में इजरायल ईरान और अमेरिका के महायुद्ध ने वैश्विक परिदृश्य में पूरी दुनिया को बारूद के ढेर पर बैठा दिया है। अमेरिका ने ईरान के परमाणु ईंधन संग्रहण ठिकानों पर बुरी तरह से हमला करके ईरान इजरायल युद्ध में आग में घी का काम कर दिया, जवाब में ईरान ने इजरायल के 14 शहरों में अपनी बैलिस्टिक टारगेटेड मिसाइल से हमला करके अपनी युद्ध नीति के जारी रखने की नियत को स्पष्ट कर दिया है। अमेरिका के इजरायल की तरफ से ईरान पर अनावश्यक आक्रमण से ईरान की तरफ से अब उत्तर कोरिया, रूस और चीन भी इस महासंग्राम में शामिल होते दिखाई दे रहे हैं। दूसरी तरफ रूस ने यूक्रेन पर अपनी विस्तारवादी सनक के कारण ताबड़तोड़ हमले किये, ताजा स्थिति में जब यूक्रेन के सैकड़ो ड्रोन अटैक से उसके कई फाइटर जेट नष्ट हुए हैं। नतीजतन रूस ने भी यूक्रेन पर लगातार शृंखला में आक्रमण शुरू कर दिया है। किसी देश की विस्तारवादी लालसा को भी आतंकवाद की श्रेणी में रखा जा सकता है,

अपनी भौगोलिक सीमाओं का विस्तार भी आतंकवाद है।अपनी भौगोलिक सीमाओं को आगे ले जाना और अपनी देश की पड़ोसी देश की इच्छा के विरुद्ध उसे पर हमला करना भी एक तरह का राजनीतिक आतंकवाद ही है। इन सब के प्रणाम स्वरूप विश्व युद्ध को विकल्प के तौर पर नहीं माना जाना चाहिए विश्व युद्ध मानवता के लिए एवं मानवीय जगत के लिए अभिशाप भी माना जाता है। हमलायुद्ध और हिंसा क्रोध से शुरू होकर पश्चाताप और दुखों के चिंतन में खत्म होता है। मौजूदा रूप से इसराइल हमास युद्ध में हजारों लोगों की जानें चली गई और लाखों फिलिस्तीनी लोग बेघर हो गए, ईरानी राष्ट्रपति रईस की हेलीकॉप्टर दुर्घटना में मौत भी इसराइल की प्रति हिंसा का परिणाम माना जा रहा है विस्तृत जांच होना शेष है।युद्ध अभी तक थमा नहीं है युद्ध की चिंगारी एक दूसरे आक्रमण करने से भड़कती नजर आ रही है न जाने इसका अंजाम क्या होगा। इसी तरह रूस और यूक्रेन युद्ध कि इतने दिनो से ज्यादा के युद्ध की परिणति में शिवाय पश्चाताप के कुछ नहीं है। रूस अपने सनकी राष्ट्रपति पुतिन की जिद की बलि चढ़ गया है। वह यूक्रेन से जीत कर भी मानसिक और वैचारिक रूप से हार गया है। रूस अपने को जितना बलशाली, शक्तिशाली समझता था अब उसकी पोल खुल गई है, 3 सालों में युद्ध में रूस यूक्रेन जैसे छोटे देश को जीत नहीं पाया है। यूक्रेन भी अपनी राष्ट्रपति की हठधर्मिता के कारण पूर्ण रूप से बर्बाद हो चुका है. यूक्रेन के 1करोड़40लाख नागरिक देश छोड़कर शरणार्थी बन चुके हैं। 40 हजार इमारतें बर्बाद हुई 20 लाख बच्चे घरों से दूर होकर शिक्षा से वंचित हो गए। ईसी तरह यूक्रेन तथा रूस के लगभग 50 हजार सैनिक युद्ध में मारे गए है।यह युद्ध की विभीषिका कहां तक जाएगी इसका आकलन करना तो कठिन है पर इसके परिणाम अत्यंत अमानवीय,कारुणिक और आर्थिक नुकसान देने वाले साबित हुए हैं।

रूस के साथ युद्ध में यूक्रेन के तथाकथित दोस्तों अमेरिका तथा नैटो देशों ने सक्रियता से मैदान में साथ नहीं दिया, केवल दूर से यूक्रेन को शाबाशी देते रहे यूक्रेन अब संपूर्ण बर्बादी के कगार पर है। रूस का उसके अपने ही राष्ट्र में युद्ध के खिलाफ विरोध के स्वर उभर रहे हैं। नोबेल पुरस्कार प्राप्त पत्रकार ने अपने पूर्व में प्राप्त नोबेल पुरस्कार मेडल को बेचने का ऐलान किया है एवं यूक्रेन में मरने वाले हजारों बच्चों के हित में वह धनराशि रेड क्रॉस को प्रदान करेगा। पत्रकार ने कहा कि यूक्रेन पर रूस के आक्रमण का रूस की जनता अंदरूनी तौर पर विरोध करती है एवं भारी असंतोष भी है। मैं आपको रूस यूक्रेन युद्ध की पृष्ठभूमि का इतिहास बताता हूं।

यूक्रेन एक छोटा सा राज्य है, उसकी सैन्य शक्ति भी इतनी क्षमतावान नहीं है कि रूस या अन्य शक्तिशाली देश का सैन्य मुकाबला कर सके,पर अमेरिका, ब्रिटेन और नाटो के 30 देशों के बहकावे में आकर उसने रूस को नाराज करना शुरू कर दिया था। यूक्रेन को यकीन था कि रूस के आक्रमण के समय अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, इजरायल और नाटो के कई देश उसकी रक्षा करेंगे, पर ताकतवर,शक्तिमान रूस के हमले के सामने ना तो अमेरिका ने अपना सैन्य आक्रमण किया ना ब्रिटेन ने अपनी सेना ही भेजी और ना ही अन्य नाटो देश में रूस के खिलाफ किसी तरह की जंग ही की है ,केवल दूर से बैठकर समझौते करने की बात करते रहे और रूस के आक्रमण की निंदा ही की है। यह आलेख लिखते तक रूस ने कीव पर कब्जा भी कर लिया होगा और उसके समस्त एयर बेस सैनिक अड्डों को नष्ट कर दिया है। यूक्रेन का एयर डिफेंस पूरी तरह चरमरा गया है। यूक्रेन के राष्ट्रपति ने बताया कि रूस ने सभी सैनिक हवाई अड्डों पर रॉकेट लॉन्चर दाग कर उन्हें पूरी तरह नष्ट कर दिया है, यूक्रेन के लगभग 40 सैनिकों को मार भी गिराया है, इसमें 10 निर्दोष नागरिक भी मारे गए हैं। रूस ने दावा किया था कि वह नागरिक ठिकानों पर बमबारी नहीं करेंगा पर मिसाइल तथा गोलियां सैनिकों तथा नागरिकों को अलग-अलग नहीं पहचानती है, और यही वजह है कि सैनिकों के साथ नागरिक भी मारे गए। वर्ष 1914 में यूक्रेन से रूस ने क्रीमिया को अलग कर अपने अधिपत्य में ले लिया था। रूस का कहना है कि अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देश यूक्रेन को एक न्यू क्लियर सामरिक अड्डा रूस के खिलाफ बनाने की तैयारी कर चुके हैं, और इन सभी देशों के साथ यूक्रेन भी रूस की प्रतिरक्षा प्रणाली को बहुत बड़ा खतरा बन गया है। यूक्रेन पर अमेरिकी प्रशासन का पूरा पूरा नियंत्रण है, यूक्रेन प्रशासन केवल कठपुतली मात्र है। इसे संचालित करने वाला अमेरिका तथा ब्रिटेन ही है। यूक्रेन लगातार नाटो देश की सदस्यता के लिए प्रयास करता रहा है और अमेरिका चाहता है कि यूक्रेन नाटो देश का सदस्य बन कर रूस के खिलाफ एक सामरिक अड्डे की तरह उनके काम आए। तत्कालिक कारणों में रूप द्वारा गैस तथा तेल के लिए बिछाई गई पाइप लाइन जो जर्मन तक गैस तथा तेल पहुंचाने के लिए एक महत्वपूर्ण आधार स्तंभ थी। जर्मन एक बहुत बड़ा तेल तथा गैस का बाजार है, यहां से सारे यूरोप में आर्थिक गतिविधि शुरू होकर गैस तथा तेल की सप्लाई की जाती है जो कि एक महत्वपूर्ण आर्थिक क्षेत्र है.यह गैस पाइपलाइन यूक्रेन के क्षेत्र से होकर जनवरी तक जाती है। इससे नाटो देश को बहुत ज्यादा आर्थिक नुकसान की संभावना भी है। दूसरी तरफ यूक्रेन, क्रीमिया को अपने पास वापस अपने अधिपत्य में लेना चाहता है, जो वर्तमान में रूस के कब्जे में है, इसके अलावा रूस ने यूक्रेन के दो बड़े क्षेत्र लुहानस्क और डोनट्स रिपब्लिक को राज्य के रूप में मान्यता दे दी है, यह बहुत बड़े क्षेत्र और इन्हीं के माध्यम से उसने अपनी सेना को यूक्रेन में दाखिल भी किया था। इन दो बड़े रिपब्लिक को देश की तरह मान्यता देने पर अमेरिका तथा ब्रिटेन और नाटो देशों ने अंतरराष्ट्रीय नियमों के उल्लंघन की बात कह कर भरपूर सार्वजनिक निंदा भी की है और किसी स्वतंत्र देश की प्रभुसत्ता पर हस्तक्षेप भी बताया है। निश्चित तौर पर भारत के यूक्रेन तथा रूस के साथ अच्छे संबंधों के कारण शांति बहाली की अपील कर रहा है, और इसका असर भी हो सकता है । यह तो तय है कि रूस और यूक्रेन के बीच यदि युद्ध में कोई भी विदेशी ताकत हस्तक्षेप करती है, तो विश्व युद्ध की संभावनाओं से इनकार नहीं किया जा सकता है। रूस ने यूक्रेन की मदद के लिए किसी भी देश के आने पर भयानक परिणाम हो सकते हैं पर अमेरिका ब्रिटेन और नाटो देशों की भूमिका सदैव संदिग्ध ही रही है।

## आज का राशिफल

मेष राशिः मेष राशि वालों आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहेगा। इस राशि के छात्रों के करियर में नया बदलाव आयेगा, जो उनके भविष्य के लिए फायदेमंद होगा। सेहत के लिहाज से आपका दिन फीस एंड फाइन रहेगा। आप बेहतर महसूस करेंगे। इस राशि के जो लोग सोशल साइट्स के काम से जुड़े हैं, उनकी जान पहचान किसी ऐसे व्यक्ति से होगी जो उनके लिए सफलता पाने के गुरुमंत्र देगा।

वृष राशिः वृष राशि वालों आज आपके पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। आर्थिक स्थिति में काफी सुधार हो सकता है। व्यावसायिक कार्यों के लिहाज से आज का दिन बेहतर है। आप हर काम को धैर्य और समझदारी से पूरा करने की कोशिश करेंगे। वैवाहिक जीवन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस का बढ़िया माहौल आपको सुकून देगा।

मिथुन राशिः मिथुन राशि वालों आज आपका दिन पहले की अपेक्षा व्यस्त रहने वाला। ऑफिस में काम धीमी गति से पूरे होने की संभावना है। इससे आपकी परेशानी थोड़ी बढ़ सकती है। आज बच्चों के साथ आपका समय अच्छा बीतेगा। आप किसी नए काम पर सोच विचार कर सकते हैं। किसी बात को लेकर बड़े भाई से विचार विमर्श करेंगे।

कर्क राशिः कर्क राशि वालों आज आपका दिन खुशनुमा रहेगा। ऑफिस में सभी कलीग्स के साथ तालमेल बेहतर रहेगा। अचानक नए स्रोतों से होने वाला धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा। आप शाम को किसी समारोह में शामिल हो सकते हैं। किसी पुराने मित्र से मिलकर आपका मन प्रसन्न होगा। लवमेट के लिये आज का दिन फेवरेबल रहेगा। आज शुभ समाचार आपको मिलने वाला है।

सिंह राशिः सिंह राशि वालों आज का दिन आपके लिए शानदार रहने वाला है। आज किसी काम में आपको अनुभवी व्यक्ति से मदद मिलने की संभावना है। परिवार वालों के साथ शॉपिंग करने का प्लान बनायेंगे। आज पैसों का लेन देन करने से आपको बचना चाहिए। संगीत से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन मिला जुला रहेगा। अगर आप कुछ दिनों से अपने कमर दर्द की समस्या से परेशान हैं, तो आपको उससे छुटकारा मिलेगा। आज किसी तरह की पुरानी बातों पर ध्यान देने से आपको बचना चाहिए।

कन्या राशिः कन्या राशि वालों आज का दिन आपके सेवा कार्यों में व्यस्त रहने वाले है। समाज कल्याण विभाग से जुड़े लोगों के लिए आज एक विशेष जनजाति के लोगों के बीच सर्वे करने जाना पड़ेगा, जिससे आपको काफी कुछ नया सीखने को मिलेगा। समाज में किसी मुद्दे को लेकर आपको अपनी बात दूसरों के सामने रखने का अवसर मिलेगा, जिससे लोग आपसे प्रभावित होंगे। आपका आर्थिक पक्ष थोड़ा कमजोर हो सकता है। आपको अपने खर्चों पर कंट्रोल करने की कोशिश करनी चाहिए। परिवार की कुछ जिम्मेदारियों को अनदेखा करने से आपको बचना चाहिए।

तुला राशिः तुला राशि वालों आज आपकी परिस्थितियां आपके अनुकूल रहेगी। सामाजिक क्षेत्र में आपकी सक्रियता बढ़ेगी। किसी काम में आपको सकारात्मक परिणाम हासिल हो सकते हैं। किसी पुराने दोस्त से मिलने का योग बन रहा है। इस राशि के मीडिया के क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए आज का दिन बढ़िया रहेगा। परिवार से जुड़ी अच्छी खबर आपको मिलेगी। सेहत के लिहाज से आप खुद को तरोताजा महसूस करेंगे।

वृश्चिक राशिः वृश्चिक राशि वालों आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज परिवार वालों के साथ खुशी खुशी समय बितायेंगे। आपका आर्थिक पक्ष मजबूत बनेगा। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स को अपने शिक्षकों का पूरा पूरा सहयोग प्राप्त होगा। साथ ही करियर में आगे बढने के नए अवसर भी सामने आएंगे। संतान पक्ष की ओर से आपको सुख की प्राप्ति होगी। उन्हें किसी विशेष क्षेत्र में सफलता मिल सकती है।

धनु राशिः धनु राशि वालों आज का दिन आपके लिए साधारण रहने वाला है। आज आपकी किसी समस्या का समाधान निकल सकता है। आर्थिक स्थिति सामान्य बनी रहेगी। आपको दूसरों से अपनी पर्सनल बातें शेयर करने से बचना चाहिए, साथ ही जल्दबाजी में बड़ा फैसला बिलकुल नही लें। आपको अपनी सोच और व्यवहार को संतुलित रखने की जरूरत है।

मकर राशिःमकर राशि वालों आज किसी खास काम में आपको फायदा होगा। भाई बहन के साथ आपके रिश्ते बेहतर होंगे। जीवनसाथी आपकी बातों से प्रभावित होगा। बिजनेस के मामलों में दिन अच्छा रहेगा। सामाजिक कार्यों में सफलता मिलने के योग हैं। दोस्तों से आपको मदद मिलेगी। कुछ नए कार्य आपके सामने आयेंगे, जिनके लिए आपकी कुछ जरूरी लोगों से मुलाकात भी होगी। आज शाम तक शुभ समाचार मिलने से घर में खुशियों का माहौल बन जाएगा।

कुम्भ राशिः कुम्भ राशि वालों आज का दिन आपके लिए नयी उमंगें लेकर आने वाला है। आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए नई योजना बना सकते हैं। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल रहेंगे। इस राशि के जो लोग सरकारी नौकरी में हैं, आज उन्हें अच्छी खबर मिल सकती है। आपको बड़े अधिकारियों का पूर्ण रूप से सहयोग मिलेगा।

मीन राशिः मीन राशि वालों आज का दिन आपके लिए फेवरेबल रहने वाला है। आज कार्यक्षेत्र से जुड़ी बड़ी चुनौती आपके सामने आयेगी, लेकिन आप उस चुनौती से शीघ्र ही पार पा लेंगे। घर का माहौल अच्छा रहेगा। आपको अचानक धन लाभ के अवसर प्राप्त होंगे। दूसरे लोग आपके कामकाज से प्रभावित होंगे।

### सू- दोकू क्र.012

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 2 | | | 6 | | | 1 | |
| 3 | | | 4 | | | 2 | | |
| | | | | | | | 6 | |
| 6 | | | | | 4 | | | |
| | 9 | | 5 | | | 6 | | 1 |
| | | | | | | | | |
| 4 | | 3 | | | 9 | | | 2 |
| | 8 | | 2 | | | | 7 | |
| 1 | | 2 | | 4 | | 9 | | 6 |

**नियम**

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गो का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक र सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

**सू-दोकू क्र.011 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 7 | 6 | 9 | 5 | 1 | 2 | 3 | 4 |
| 1 | 3 | 9 | 2 | 8 | 4 | 5 | 6 | 7 |
| 4 | 5 | 2 | 3 | 7 | 6 | 9 | 1 | 8 |
| 2 | 8 | 5 | 4 | 6 | 7 | 1 | 9 | 3 |
| 3 | 1 | 7 | 8 | 9 | 2 | 4 | 5 | 6 |
| 6 | 9 | 4 | 1 | 3 | 5 | 7 | 8 | 2 |
| 9 | 4 | 1 | 6 | 2 | 8 | 3 | 7 | 5 |
| 7 | 2 | 8 | 5 | 1 | 3 | 6 | 4 | 9 |
| 5 | 6 | 3 | 7 | 4 | 9 | 8 | 2 | 1 |

### शब्द सामर्थ्य -012

( भागवत साहू )

**बाएं से दाएं**

1. खूब कसा हुआ, फूर्तिला, जो शिथिल व आलसी न हो 3. सार्वजनिक स्थान, संस्था, अस्तित्व, समिति 4. पौरुष, पुरुषत्व, मर्द होने का भाव 6. अंधेरा, अंधकार 7. लिपाई करना 9. शरीर, काया, जिस्म 10. मां के पिता, विभिन्न 12. महीना, मास 14. प्रियतम, बलमा, सजना 15. पांडवों का सबसे छोटा भाई 17. नशा, घमंड, खाता 19. वनोपज, वन से प्राप्त सामाग्री 21. शक्तिशाली, बलवान 24. तीव्र इच्छा 25. हथेली।

**ऊपर से नीचे**

1. निंदा, बुराई 2. निर्जीव, निष्प्राण 3. ध्वनियों या स्वरों का विशिष्ट लय में प्रस्फुटन, धुन, म्युजिक 4. झुका हुआ, विनीत 5. रूठे हुए को प्रसन्न करना, राजी करना 8. आश्रय, शरण 11. जन्म, जिंदगी 12. इंसानियत, मनुष्यता 13. रास्ता, मार्ग 14. एक हिंदी महीना, श्रावण 15. सपाट, जो उबड़-खाबड़ न हो 16. पति का छोटा भाई 18. गहरा कीचड़, पंक 20. आत्मा, अंत:करण (उ.) 22. बीता हुआ या आने वाला दिन 23. बगुला।

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | ■ | 3 | | 4 | ■ |
| | ■ | 5 | | | | ■ | 6 | |
| 7 | 8 | | ■ | ■ | 9 | | ■ | ■ |
| ■ | 10 | | ■ | ■ | ■ | ■ | 11 | ■ |
| 12 | | ■ | 13 | ■ | 14 | | | ■ |
| | ■ | 15 | | 16 | | ■ | 17 | 18 |
| | ■ | | ■ | 19 | | 20 | ■ | |
| 21 | 22 | | 23 | | ■ | | | |
| ■ | 24 | | | ■ | 25 | | | |

**शब्द सामर्थ्य क्रमांक 011 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| गु | मा | न | ■ | ■ | प | यो | द | ■ |
| न | ■ | ह | क | दा | र | ■ | ल | य |
| ह | वा | ला | त | ■ | च | ■ | द | म |
| गा | ■ | ■ | रा | ज | म | ह | ल | ■ |
| र | ई | स | ■ | ग | ■ | स | ■ | अ |
| ■ | मा | ■ | प | त | वा | र | ■ | ल |
| ख | न | क | ना | ■ | ह | त | ■ | बे |
| स | दा | ■ | ह | ■ | वा | ■ | शो | ला |
| रा | र | ■ | ■ | ■ | ही | र | क | ■ |

**राजनीति**

# बिहार में संभावनाएं विकास की, अब सत्ता सम्राट की

**ललित गर्ग**

बिहार की राजनीति लंबे समय से बदलाव, प्रयोग और नेतृत्व के उतार-चढ़ाव का साक्षी रही है।



ऐसे परिदृश्य में जब लंबे इंतजार और जटिल कूटनीतिक समीकरणों के बाद पहली बार भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में शासन स्थापित होने की स्थिति बनती है और सम्राट चौधरी जैसे नेता मुख्यमंत्री के रूप में उभरते हैं, तो यह केवल सत्ता परिवर्तन नहीं, बल्कि एक संभावित राजनीतिक और प्रशासनिक परिवर्तन का संकेत भी है। यह क्षण बिहार के लिए एक नए युग की शुरुआत के रूप में देखा जा रहा है, जहां अपेक्षाएं केवल शासन परिवर्तन की नहीं, बल्कि शासन की गुणवत्ता, दृष्टि और परिणामों की भी हैं। नये मुख्यमंत्री के रूप में सम्राट चौधरी के सामने न सिर्फ बिहार की जनता में एक कुशल प्रशासक की छाप छोड़ने की चुनौती है, बल्कि पार्टी की अपेक्षाओं एवं नीतीश कुमार द्वारा खींची रेखाओं से आगे निकलने के संघर्ष में भी उन्हें खरा उतरना होगा। सम्राट को उससे आगे ऐसा कुछ करना होगा, ताकि भाजपा उसके आधार पर भविष्य की दावेदारी पेश कर सके एवं अपने बल पर पूर्ण बहुमत की सरकार बनाने की पात्रता विकसित कर सके। बिहार में भाजपा का एक नया अध्याय शुरु हो रहा है, सम्राट के भरोसे से।

सम्राट चौधरी का मुख्यमंत्री के रूप में चयन कई दृष्टियों से महत्वपूर्ण है। वे कोई अप्रत्याशित या अपरिचित चेहरा नहीं हैं। बिहार की राजनीति में सक्रिय रहते हुए, उपमुख्यमंत्री के रूप में कार्य करते हुए और विभिन्न राजनीतिक धाराओं से गुजरते हुए उन्होंने राज्य की जटिलताओं को निकट से समझा है। उनकी राजनीतिक यात्रा उन्हें एक व्यावहारिक नेता के रूप में स्थापित करती है, जो केवल सिद्धांतों तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन की वास्तविकताओं से भी जुड़ा हुआ है। यही कारण है कि उनके नेतृत्व से बिहार की जनता को एक ऐसे प्रशासन की उम्मीद है जो नीतिगत स्पष्टता के साथ-साथ क्रियान्वयन की क्षमता भी रखता हो। किन्तु यह भी उतना ही सत्य है कि बिहार में नेतृत्व का मूल्यांकन केवल व्यक्ति के आधार पर नहीं, बल्कि उसकी नीतियों, प्राथमिकताओं और परिणामों के आधार पर होता है। पिछले वर्षों में यह प्रवृत्ति स्पष्ट रूप से सामने आई है कि शासन की सफलता का निर्धारण केवल मुख्यमंत्री के व्यक्तित्व से नहीं, बल्कि उस व्यापक नीति-ढांचे से होता है जो केंद्र और राज्य के बीच समन्वय स्थापित करता है। भारतीय राजनीति में यह एक नया आयाम है, जहां केंद्र सरकार की नीतियां राज्यों के विकास की दिशा को काफी हद तक प्रभावित करती हैं। राजस्थान, मध्य प्रदेश और ओडिशा जैसे राज्यों के उदाहरण इस बात को पुष्ट करते हैं कि अपेक्षाकृत कम चर्चित चेहरों के बावजूद विकास की गति तेज रह सकती है, यदि नीतिगत समर्थन और प्रशासनिक इच्छाशक्ति मजबूत हो। बिहार के संदर्भ में यह पहलू और भी महत्वपूर्ण हो जाता है, क्योंकि यह राज्य लंबे समय तक अवसंरचनात्मक पिछड़ेपन, बेरोजगारी, पलायन और सामाजिक विषमताओं से जूझता रहा है। ऐसे में सम्राट चौधरी के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह होगी कि वे इन जटिल समस्याओं के समाधान के लिए एक स्पष्ट रोडमैप प्रस्तुत करें। केवल राजनीतिक स्थिरता पर्याप्त नहीं होगी, बल्कि उसे विकासात्मक स्थिरता में परिवर्तित करना होगा। सड़क, बिजली, शिक्षा और स्वास्थ्य जैसे मूलभूत क्षेत्रों में निरंतर सुधार के साथ-साथ रोजगार सृजन पर विशेष ध्यान देना होगा, ताकि बिहार के युवाओं को अपने ही राज्य में अवसर मिल सकें। यहां यह उल्लेख करना आवश्यक है कि बिहार के हालिया इतिहास में यदि किसी नेता ने प्रशासनिक सुधार और सुशासन की एक स्पष्ट छवि प्रस्तुत की है, तो वह नीतीश कुमार हैं। उन्होंने जिस समय सत्ता संभाली, उस समय बिहार 'जंगलराज' की छवि से जूझ रहा था। कानून-व्यवस्था की स्थिति दयनीय थी, अवसंरचना लगभग ध्वस्त थी और राज्य की छवि राष्ट्रीय स्तर पर नकारात्मक थी। ऐसे समय में नीतीश कुमार ने सड़क, बिजली और शिक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय सुधार किए। विशेष रूप से बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए साइकिल योजना जैसी पहलें सामाजिक परिवर्तन का आधार बनीं। उन्होंने प्रशासनिक पारदर्शिता और जवाबदेही को भी बढ़ाने का प्रयास किया, जिससे शासन के प्रति जनता का विश्वास पुनः स्थापित हुआ।नीतीश कुमार का व्यक्तित्व एक संतुलित, संयमित और व्यावहारिक नेता के रूप में उभरता है। वे आक्रामक राजनीति के बजाय संवाद और सहमति की राजनीति के पक्षधर रहे हैं। उनकी सबसे बड़ी विशेषता यह रही कि उन्होंने राजनीति को व्यक्तिगत महत्वाकांक्षा से ऊपर उठाकर विकास के एजेंडे से जोड़ने का प्रयास किया। हालांकि समय के साथ उनकी राजनीतिक रणनीतियों और गठबंधनों में बदलाव ने उनकी छवि को कुछ हद तक प्रभावित भी किया, लेकिन उनके द्वारा स्थापित प्रशासनिक मानक आज भी बिहार के लिए एक संदर्भ बिंदु बने हुए हैं। सम्राट चौधरी के लिए यह एक बड़ी चुनौती और अवसर दोनों है कि वे इन स्थापित मानकों को न केवल बनाए रखें, बल्कि उन्हें और आगे बढ़ाएं। उन्हें यह समझना होगा कि बिहार की जनता अब केवल वादों से संतुष्ट नहीं होती, बल्कि परिणाम चाहती है। शिक्षा और स्वास्थ्य के क्षेत्र में अभी भी सुधार की व्यापक संभावनाएं हैं। सरकारी विद्यालयों की गुणवत्ता, उच्च शिक्षा के अवसर, अस्पतालों की स्थिति और चिकित्सकीय सुविधाओं का विस्तार ऐसे क्षेत्र हैं जहां ठोस कार्य की आवश्यकता है। इसके साथ ही भ्रष्टाचार एक ऐसी समस्या है जो किसी भी विकासात्मक प्रयास को कमजोर कर सकती है। यदि सम्राट चौधरी वास्तव में एक प्रभावी और जनोन्मुखी शासन स्थापित करना चाहते हैं, तो उन्हें प्रशासनिक स्तर पर भ्रष्टाचारमुक्त शासन, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करनी होगी। डिजिटल गवर्नेंस, ई-टेंडरिंग और निगरानी तंत्र को सशक्त बनाकर इस दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा सकते हैं। महिला सशक्तिकरण भी बिहार के विकास का एक महत्वपूर्ण आयाम है। पिछले वर्षों में इस दिशा में कुछ सकारात्मक पहलें हुई हैं, लेकिन अभी भी बहुत कुछ किया जाना बाकी है। महिलाओं की सुरक्षा, शिक्षा और रोजगार के अवसरों को बढ़ाना राज्य के सामाजिक और आर्थिक विकास के लिए अनिवार्य है। यदि सम्राट चौधरी इस क्षेत्र में ठोस और नवाचारी कदम उठाते हैं, तो यह बिहार की प्रगति को एक नई दिशा दे सकता है। पलायन की समस्या भी बिहार के लिए एक स्थायी चुनौती रही है। लाखों लोग रोजगार की तलाश में अन्य राज्यों में जाते हैं, जिससे न केवल राज्य की श्रमशक्ति का क्षरण होता है, बल्कि सामाजिक संरचना पर भी प्रभाव पड़ता है। इस समस्या का समाधान केवल उद्योगों के विकास और स्थानीय रोजगार के अवसरों के सृजन से ही संभव है। कृषि आधारित उद्योग, लघु और मध्यम उद्योग तथा स्टार्टअप संस्कृति को बढ़ावा देकर इस दिशा में सकारात्मक परिवर्तन लाया जा सकता है। निश्चिततौर पर यह कहा जा सकता है कि बिहार आज एक ऐसे मोड़ पर खड़ा है जहां अतीत के अनुभव, वर्तमान की अपेक्षाएं और भविष्य की संभावनाएं एक साथ उपस्थित हैं। सम्राट चौधरी के नेतृत्व में यह राज्य किस दिशा में आगे बढ़ेगा, यह उनके निर्णयों, नीतियों और कार्यशैली पर निर्भर करेगा। यदि वे नीतीश कुमार द्वारा स्थापित सुशासन के मानकों को आधार बनाते हुए नवाचार और दृढ़ इच्छाशक्ति के साथ आगे बढ़ते हैं, तो बिहार न केवल अपने पुराने कलंक से पूरी तरह मुक्त हो सकता है, बल्कि एक विकसित और आत्मनिर्भर राज्य के रूप में भी उभर सकता है। यह समय केवल नेतृत्व परिवर्तन का नहीं, बल्कि सोच और दृष्टिकोण के परिवर्तन का है। बिहार की जनता अब जागरूक है, अपेक्षाएं स्पष्ट हैं और अवसर भी व्यापक हैं। ऐसे में सम्राट चौधरी के लिए यह आवश्यक है कि वे व्यक्ति-आधारित राजनीति से ऊपर उठकर नीतियों और परिणामों पर केंद्रित शासन प्रस्तुत करें। यदि वे ऐसा कर पाते हैं, तो न केवल वे अपने नेतृत्व को सिद्ध करेंगे, बल्कि बिहार को एक नई पहचान भी देंगे-एक ऐसे राज्य के रूप में जो संघर्ष से उबरकर सफलता की नई गाथा लिखने में सक्षम है।

## एक नजर

### बस्तर जिले में बाल विवाह के खिलाफपहली एफआईआर

**जगदलपुर, 18 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** बस्तर जिले में बाल विवाह के खिलाफपहली बार सख्त कार्रवाई करते हुए थाना कोतवाली में एफ्आईआर दर्ज की गई है। यह मामला महिला एवं बाल विकास विभाग के बाल संरक्षण विभाग की पहल पर बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार यह घटना जगदलपुर ब्लॉक की है, जहां 21 मार्च 2026 को एक विवाह समारोह संपन्न हुआ था। शुरुआत में यह सामान्य विवाह प्रतीत हुआ, लेकिन शिकायत के बाद हुई जांच में सामने आया कि वधु की उम्र 18 वर्ष से कम थी। जांच में पुष्टि के बाद बाल संरक्षण विभाग ने तत्परता दिखाते हुए मामला दर्ज कराया। इस प्रकरण में वर और वधु पक्ष के कुल 5 लोगों को आरोपी बनाया गया है। बता दें कि बाल विवाह को लेकर बस्तर जिले में पिछले चार वर्षों में 15 मामले सामने आ चुके हैं, जिनमें अधिकांश मामलों में पहले केवल समझाइश देकर छोड़ दिया गया था। उल्लेख्रिय है कि 18 वर्ष से कम उम्र की लड़की और 21 वर्ष से कम उम्र के लड़के का विवाह अपराध है। बाल विवाह में सहयोग या शामिल होने वालों को अधिकतम 2 साल सजा या 1 लाख तक जुर्माना, कुछ मामलों में दोनों का प्रावधान है। शिकायतकर्ता की पहचान गोपनीय रखी जाती है।

### अनियंत्रित तेज रफ्तार हाईवा पलटा, 3 घायल



**जगदलपुर, 18 अप्रैल।** जिले के तोंगपाल थाना क्षेत्र अंतर्गत पुसपाल घाट में आज शुक्रवार को गिट्टी से भरा तेज रफ्तार हाईवा अनियंत्रित होकर पलट गया । हादसे में हाईवा चालक सहित 3 लोग घायल हुए हैं। पुसपाल घाट में तैनात सीआरपीएफ188 बटालियन के जवानों ने मौके पर पहुंचकर वाहन में फ्ंसे घायलों को बचाया और अस्पातल रवाना किया। मिली जानकारी के अनुसार दुर्घटना के बाद हाईवा चालक सहित 3 लोग वाहन में ही फ्ंस गए थे। गनीमत रही कि सीआरपीएफके तैनात सहायक कमांडेंट बन्ना राम वहां मौजूद थे, उन्होंने मारडूम थाने में घटना की सूचना दी, मौके पर जवानों की टीम पहुंची और फ्ंसे हुए घायल हाईवा चालक लक्ष्मण एवं उसके साथ ही हाईवा वाहन में सवार योगेंद्र और कार्तिक को बाहर निकाला लिया। उन्हें इलाज के लिए अस्पातल भेज दिया गया है।

### युवक ने कलाई की नस काट कर आत्महत्या कर ली

**जगदलपुर, 18 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** जिले के कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत लालबाग इलाके में रिटायर्ड रेंजर के पुत्र और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड कर्मचारी ने अपनी कलाई की नस काट कर आत्महत्या कर ली है। जब कमरे से बदबू आई तो मकान मालिक ने आज शुक्रवार सुबह इसकी जानकारी पुलिस को दी, पुलिस मौके पर पंहुचकर दरवाजा तोड़कर अंदर गई तो लाश मिली, जमीन पर खून फैला हुआ था। वहीं शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल भिजवाया गया है। कोतवाली पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार युवक का नाम अतुल शर्मा (28) है। ये रिटायर्ड रेंजर जितेंद्र शर्मा का पुत्र है, मूल रूप से रायपुर के पुरानी बस्ती क्षेत्र का निवासी था और पिछले कुछ समय से जगदलपुर के लालबाग इलाके में रह रहा था। पिछले 2-3 दिन से कमरे का दरवाजा बंद था। वहीं आज शुक्रवार सुबह कमरे से बदबू आने लगी। शक होने पर मकान मालिक ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही सिटी कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। दरवाजा अंदर से बंद था, जिसे तोड़कर पुलिस की टीम कमरे में गई। फ्र्श पर खून फैला हुआ था और बिस्तर पर अतुल शर्मा का शव पड़ा मिला। प्रारंभिक जांच में कलाई की नस काटकर आत्महत्या करने की संभावना जताई जा रही है।

# बस्तर में प्रचंड गर्मी, लू से बचाव को लेकर डॉक्टर खिलेश्वर सिंह ने जारी की सलाह

**मृणमय बारोई ■ जगदलपुर**

बस्तर संभाग के अंतर्गत आने वाले जिले बस्तर, दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर इन दिनों भीषण गर्मी की चपेट में हैं। लगातार बढ़ते तापमान और लू के प्रकोप से आमजन का जनजीवन प्रभावित हो गया है। दोपहर के समय हालात ऐसे बन गए हैं कि लोगों का घर से निकलना भी मुश्किल हो रहा है।

मौसम विभाग के वैज्ञानिक एच. पी. चंद्रा से तरुण छत्तीसगढ़ के संवाददाता मृण्मय बारोई ने चर्चा की। उन्होंने बताया कि आने वाले कुछ दिनों में गर्मी से आंशिक राहत मिल सकती है। तापमान में धीरे-धीरे गिरावट दर्ज हो रही है और 20 तारीख के बाद मौसम में और बदलाव देखने को मिलेगा, जिससे गर्मी का असर कम होने की



संभावना है।

वहीं, बढ़ती गर्मी को देखते हुए मेडिकल कॉलेज के वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. खिलेश्वर सिंह ने लू से बचाव को लेकर महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि लू लगने पर शरीर में कई गंभीर लक्षण दिखाई देते हैं, जैसे मांसपेशियों में खिंचाव, डिहाइड्रेशन (पानी की कमी), चक्कर आना, कमजोरी, सिरदर्द, उल्टी और अत्यधिक पसीना आना।

डॉ. सिंह के अनुसार, सामान्य रूप से मानव शरीर का तापमान 37 डिग्री सेल्सियस के आसपास रहता है, जिसे शरीर का थर्मोरेगुलेटरी सिस्टम नियंत्रित करता है। लेकिन लू लगने की स्थिति में यह तापमान बढ़कर 44 डिग्री सेल्सियस या उससे अधिक हो सकता है, जिसे हीट स्ट्रोक कहा जाता है। यह स्थिति जानलेवा साबित हो सकती है।

डॉ. सिंह ने चेतावनी दी कि यदि किसी व्यक्ति में ऐसे लक्षण दिखाई दें तो तुरंत अस्पताल पहुंचाना चाहिए। बिना चिकित्सकीय सलाह के मरीज को सीधे अधिक पानी नहीं पिलाना चाहिए, बल्कि डॉक्टर की देखरेख में सलाइन या आईवी फ्लूड देना अधिक सुरक्षित होता है।

#### बचाव के उपाय

- *दोपहर के समय घर से बाहर निकलने से बचें*
- *पर्याप्त मात्रा में पानी और तरल पदार्थ लें*
- *हल्के और ढीले कपड़े पहनें*
- *धूप में निकलते समय सिर को ढककर रखें*
- *लक्षण दिखने पर तुरंत चिकित्सा सहायता लें*

#### डॉ खिलेश्वर सिंह ने बताया कि लू के तीन चरण होते हैं–

– हीट क्रैम्प्स: इसमें मांसपेशियों में ऐंठन होती है।

– हीट एग्जॉशन: शरीर में पानी की कमी, अत्यधिक पसीना, चक्कर, थकान, उल्टी और ठंडी–नम त्वचा इसके लक्षण हैं।

– हीट स्ट्रोक: यह सबसे खतरनाक अवस्था है, जिसमें शरीर का तापमान 103 डिग्री फ्रेनहाइट से अधिक हो जाता है। त्वचा सूखी और लाल हो जाती है, पसीना आना बंद हो जाता है, मुंह सूखता है, पेशाब कम हो जाता है और उसका रंग गहरा हो जाता है। कई मामलों में मानसिक स्थिति बिगड़ने, बड़बड़ाने या झटके आने जैसे लक्षण भी दिखते हैं।

# मुख्यमंत्री ने बीजापुर को दी 140 करोड़ की सौगात





- PMGSY से किया जाएगा 44 सड़कों का निर्माण
- तरिया आय का जरिया' अभियान के तहत जिले में 23 नए तालाबों के निर्माण की दी गई स्वीकृति

**■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**बीजापुर 18 अप्रैल।** मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में राज्य सरकार ने बीजापुर जिले के विकास को नई गति देने की दिशा में बड़ा कदम उठाया है। जशपुर में आयोजित एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना (फेस-04) के तहत जिले को 140.82 करोड़ रुपये की लागत से 158.74 किलोमीटर लंबी पक्की (डामरीकरण) सड़कों की सौगात दी। कार्यक्रम की अध्यक्षता उपमुख्यमंत्री एवं गृहमंत्री विजय शर्मा ने की। इस दौरान वर्चुअल माध्यम से विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया गया। बीजापुर जिला लंबे समय से माओवाद प्रभावित रहा। मुख्यमंत्री का यह कदम जिले के लिए एक ऐतिहासिक पहल मानी जा रही है।

#### ग्रामीण विकास को मिलेगा बढ़ावा

मोर गांव मोर पानी मोर तरिया योजना के अंतर्गत ÷तरिया आय का जरिया÷ अभियान के तहत जिले में 23 नए तालाबों के निर्माण की स्वीकृति भी दी गई। इससे न केवल जल संरक्षण को बढ़ावा मिलेगा। बल्कि ग्रामीण अर्थव्यवस्था को भी मजबूती मिलेगी। इसके साथ ही जिले को अटल डिजिटल सुविधा केंद्र की सौगात भी मिली, जो डिजिटल सेवाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने में सहायक होगा।

#### 44 सड़कों का होगा निर्माण-

प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बीजापुर जिले में कुल 44 सड़कों का निर्माण किया जाएगा। इनकी कुल लंबाई 158.74 किलोमीटर होगी। जिससे जिले के दूरस्थ और अब तक कनेक्टिविटी से वंचित गांव मुख्य मार्गों से जुड़ सकेंगे। भैरमगढ़ ब्लॉक: 85.60 किमी सड़क, लागत 77.75 करोड़ रुपये। भोपालपटनम क्षेत्र: 30.28 किमी सड़क, लागत 25.45 करोड़ रुपये।

#### उसूर क्षेत्र: 25.30 किमी सड़क, लागत 23.12 करोड़ रुपये

बीजापुर क्षेत्र: 17.56 किमी सड़क, लागत 14.50 करोड़ रुपये इन सड़कों के निर्माण से शिक्षा, स्वास्थ्य, व्यापार और रोजगार के अवसरों में उल्लेखनीय वृद्धि होने की उम्मीद है।

#### विकास की मुख्यधारा में लौटता बीजापुर

करीब चार दशकों तक माओवाद से प्रभावित रहने के कारण बीजापुर जिले में आधारभूत सुविधाओं का विकास काफी पीछे रह गया था। अब सड़क कनेक्टिविटी के विस्तार के साथ यह क्षेत्र विकास की मुख्यधारा में तेजी से शामिल हो रहा है।

#### जनप्रतिनिधियों ने जताया आभार

कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष जानकी कोरसा, उपाध्यक्ष पेरे पुल्लैया, जिला पंचायत सदस्य शंकरैया माड़वी, मैथ्यूस कुजूर, कलेक्टर संबित मिश्रा, सीईओ जिला पंचायत नम्रता चौबे, वरिष्ठ नागरिक घासी राम नाग सहित अनेक जनप्रतिनिधि, समस्त जनपद अध्यक्षगण एवं अधिकारीगण उपस्थित रहे। सभी ने मुख्यमंत्री का आभार व्यक्त करते हुए इस पहल को जिले के लिए विकास की नई शुरुआत बताया। यह परियोजना न केवल बीजापुर के भौगोलिक अलगाव को खत्म करेगी, बल्कि सामाजिक और आर्थिक परिवर्तन की नई इबादत लिखेगी।

# शिवसेना ने पुलिस अधीक्षक को सौंपा ज्ञापन



**■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**कांकेर 18 अप्रैल।** शिवसेना जिला ईकाई कांकेर द्वारा जिला में लगातार बढ़ रहे सड़क दुर्घटना पर नियंत्रण एवं सड़क सुरक्षा नियमों के कड़ाई से पालन हेतु आवश्यक कार्यवाही को लेकर पुलिस अधीक्षक व कलेक्टर कांकेर को ज्ञापन सौंपा। शिवसेना प्रदेश सचिव महेश वासुदेव दुबे ने कहा कांकेर जिला एवं आसपास के क्षेत्र में विगत कुछ समय से सड़क दुर्घटनाओं की संख्या में लगातार वृद्धि देखी जा रही है इस दुर्घटनाओं में अधिकांश मामलों में हेलमेट का उपयोग न करना, तेज रफ्तार लापरवाही से वाहन चलाना तथा यातायात नियमों की अनदेखी प्रमुख कारण बन रहे हैं। जिसके चलते आम नागरिक, युवाओं एवं राहगीरों की जान जोखिम में पड़ रही है। शिवसेना उद्धव बालासाहेब ठाकरे का यह स्पष्ट मानना है कि यदि समय रहते ठोस और सख्त कदम नहीं उठाए गए तो यह स्थिति और अधिक भयावाह रूप ले सकती है। शिवसेना ने पुलिस अधीक्षक से मांग किया है की कांकेर जिला क्षेत्र में दो पहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट की शक्ति से अनिवार्य किया जाएं तथा नियम उल्लंघन पर तत्काल चलान कार्यवाही सुनिश्चित की जाएं।

# सोख्ता गड्ढे में गिरने से डेढ़ वर्षीय बच्ची की मौत

- ग्रामीण क्षेत्र में प्रशासनिक लापरवाही फिर से उजागर

**■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**



**बीजापुर, 18 अप्रैल।** उसूर ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पंचायत गलगम के वेंगुपारा गांव में एक दु:खद घटना प्रकाश में आया है। स्वच्छ भारत मिशन ग्रामीण विभाग के द्वारा बनवाया गए सोख्ता गड्ढे में गिरने से डेढ़ वर्षीय मासूम बच्ची रोजा अवलम की मौत हो गई। घटना के बाद गांव में मातम पसरा हुआ है। ग्रामीण क्षेत्र में प्रशासनिक लापरवाही फ्रि से उजागर हुआ है। जिससे ग्रामीणों में आक्रोश व्याप्त है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हैंडपंप के पास महीनों पहले सोख पीट बनाये जाने हेतु गड्ढा खोदकर छोड़ दिया गया था। खेलते खेलते मासूम बच्ची अनजाने में गड्ढे में गिर गई। गड्ढे में पानी भरे होने कारण उसकी मौके पर ही मौत हो गई। ग्रामीणों ने प्रशासनिक अधिकारी कर्मचारियों एवं ग्राम पंचायत पर गंभीर लापरवाही का आरोप लगाया है। उनका कहना है कि खुले गड्ढे को ढंकने या सुरक्षा के पर्याप्त इंतजाम करने को लेकर कई बार जिम्मेदारों को अवगत कराया गया था, लेकिन इसे नजरअंदाज किया जिससे एक डेढ़ वर्षीय मासूम बच्ची की मौत हो गई।

ग्रामीणों ने बताया कि यदि समय पर गड्ढे को बंद किया गया होता तो यह हादसा टल सकता था। घटना के बाद आक्रोशित ग्रामीणों और परिजनों ने प्रशासन से पीड़ित परिवार को मुआवजा देने और लापरवाह कर्मचारियों पर कार्रवाई की मांग की है। मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत उसूर ने बताया कि ग्राम पंचायत गलगम में संबंधित कार्य प्रगति पर है तथा पीडित परिवार को प्रशासन की ओर से हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जा रही है।

### कृषि मंत्री नेताम ने दुर्गूकोंदल में किया सर्व आदिवासी विश्राम गृह का लोकार्पण

**कांकेर 18 अप्रैल।** प्रदेश के आदिम जाति विकास, कृषि, मछली पालन एवं पशुधन विकास विभाग के मंत्री श्री रामविचार नेताम ने शुक्रवार को कांकेर जिले के दुर्गूकोंदल ब्लॉक मुख्यालय में सर्व आदिवासी समाज कल्याण विश्राम गृह का लोकार्पण किया। अपने उद्बोधन में उन्होंने कहा कि पिछले 04 दशक तक हिंसा, आतंक का पर्याय बन चुका माओवाद आज समाप्त हो गया है। लंबे अरसे तक दंश झेलने वाले बस्तर में अब तेजी से सर्वांगीण विकास होगा। दुर्गूकोंदल के बाजार चौक में आयोजित मंचीय कार्यक्रम में कैबिनेट श्री नेताम ने कहा कि प्रदेश में माओवाद की समूल समाप्ति के लिए प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह के संकल्प को पूरा करने प्रदेश के मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय ने बेहतर रणनीति के साथ इस कार्य को अंजाम दिया।

# जगदलपुर सहकारी बैंक ने 7298 लाख का लाभ किया अर्जित, संचालक मंडल ने लगाई मुहर



**■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**जगदलपुर, 17 अप्रैल ।** जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक जगदलपुर की 31 मार्च 2026 की वित्तीय स्थिति की समीक्षा के बाद संचालक मंडल ने बैंक के प्रदर्शन को संतोषजनक और सशक्त बताया है। आज शुक्रवार को आयोजित संचालक मंडल की महत्वपूर्ण बैठक में बैंक के वित्तीय वर्ष 2025-26 के कार्यों और उपलब्धियों का गहन विश्लेषण किया गया । समीक्षा में सामने आया कि बैंक ने इस वर्ष 19748.39 लाख रुपये की सकल आय और 7298.08 लाख रुपये का प्रभावशाली सकल लाभ अर्जित किया है, जो बैंक के मजबूत प्रबंधन और ग्राहकों के अटूट विश्वास को दर्शाता है।

बैठक में संचालक मंडल ने बैंक की प्रगति पर संतोष जताते हुए कई दूरदर्शी और सकारात्मक निर्णय लिए। इन फैसलों का उद्देश्य बैंक की कार्यप्रणाली को और अधिक मजबूत बनाना तथा ग्राहकों को आधुनिक और सुविधाजनक सेवाएं उपलब्ध कराना है।

बैंक ने भविष्य को ध्यान में रखते हुए नई योजनाओं और तकनीकी नवाचारों को अपनाने का भी निर्णय लिया है। इसके साथ ही सेवा क्षेत्र के विस्तार और विशेष रूप से कृषक सदस्यों के हितों को प्राथमिकता देने पर जोर दिया गया, ताकि उन्हें सरल और बेहतर बैंकिंग सेवाएं मिल सकें। संचालक मंडल ने इस उपलब्धि के लिए बैंक के अधिकारियों, कर्मचारियों और ग्राहकों के सहयोग को सराहते हुए भविष्य में और भी बेहतर प्रदर्शन की उम्मीद जताई।

इस दौरान बैठक में जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक के अध्यक्ष एवं पूर्व सांसद दिनेश कश्यप, उपाध्यक्ष श्रीनिवास मिश्रा, नाबार्ड प्रतिनिधि, उपायुक्त, सहकारिता एवं उप पंजीयक, सहकारी संस्थाएं, जिला बस्तर, उप संचालक, कृषि, प्रतीक चिखलीकर, चार्टड अकाउन्टेड, लेखा विशेषज्ञ (सीए), धर्मपाल केरकेट्टा, विषय वस्तु विशेषज्ञ, इंदिरा गांधी कृषि विश्वविद्यालय, कृषि विज्ञान केन्द्र सहित बैंक के मुख्य कार्यपालन अधिकारी कुंवर सिंह ध्रुव उपस्थित रहे।

### जलप्रपात में पानी न होने के कारण पर्यटन भी प्रभावित

# बस्तर में अप्रैल की गर्मी से इंद्रावती नदी सहित नदी-नालों का जलस्तर घटा

**■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता**

**जगदलपुर, 18 अप्रैल।** बस्तर जिले में अप्रैल महीने में ही भीषण गर्मी का असर दिखाई देने लगा है। यहां का तापमान लगभग 38 डिग्री के आस-पास पहुंचने से इंद्रावती नदी समेत कई नदी-नालों का जलस्तर घट गया है। बस्तर के सुप्रसिद्ध पर्यटन स्थल चित्रकोट और तीरथगढ़ जलप्रपात में भी पानी की एक-दो धार बह रही है। इसका असर न केवल पर्यटन पर दिख रहा है, बल्कि पर्यावरण और जनजीवन पर भी पड़ने लगा है। जहां आम दिनों में पर्यटकों की भीड़ रहती थी, वहां अब सन्नाटा पसरा हुआ है। चित्रकोट इलाके के रामजीत बघेल कहते हैं कि जलप्रपात में पानी होने के कारण पर्यटन भी प्रभावित हुआ है, पर्यटन के कारण सैकड़ों लोगों की दाल-रोटी चलती थी, वह अब नही के बराबर हो चुकी है। बस्तर की जीवनदायिनी



कही जाने वाली इंद्रावती नदी का भी जलस्त्रोत कम हो रहा है। इसी नदी पर चित्रकोट वाटरफॉल बना है। अभी अप्रैल का महीना भी खत्म नहीं हुआ और पारा चढ़ने लगा है। भीषण गर्मी की वजह से इंद्रावती नदी का पानी कम होने लगा है, जिससे एशिया का नियाग्रा कहे जाने वाले चित्रकोट जलप्रपात में भी एक पतली धार में पानी नीचे गिर रहा है। दंडकारण्य के घने जंगलों और गहरी नदी घाटियों से घिरे बस्तर के पठारी भूभाग में स्थित चित्रकोट जलप्रपात लंबे समय से मध्य भारत के सबसे प्रभावशाली प्राकृतिक दृश्यों में गिना जाता रहा है। लगभग 90 फीट ऊंची घोड़े की नाल जैसी अर्धवृत्ताकार चट्टान से गिरती जलधारा, मानसून के महीनों में कई सौ मीटर चौड़ी हो जाती है और दूर से देखने पर यह एक विशाल दूधिया परदे की तरह दिखाई देती है। यह जलप्रपात जिस इंद्रावती नदी पर स्थित है, वह पूर्वी घाट की पहाड़ियों से निकलकर लगभग 535 किलोमीटर की यात्रा के बाद दक्षिण की ओर बहते हुए गोदावरी नदी में मिलती है।

### पारंपरिक 'आमा जोगानी' देव पूजन से पूर्व आम का सेवन होता है वर्जित

**कोंडागांव, 18 अप्रैल। (तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता)।** सहित पूरे बस्तर संभाग में चैत्र माह के दौरान 'आमा जोगानी' देव पूजन कार्यक्रम धूमधाम से मनाया जा रहा है। यह पर्व आदिवासी संस्कृति और परंपराओं का एक महत्वपूर्ण हिस्सा है, जो प्रकृति, पूर्वजों (पितरों) और ग्राम देवताओं के प्रति श्रद्धा व्यक्त करने का प्रतीक है। कोंडागांव जिले के विभिन्न गांवों में यह पर्व विधि-विधान के साथ आयोजित हो रहा है। 'आमा जोगानी' मूल रूप से नए आम की फ्सल के आगमन से जुड़ा एक पारंपरिक पर्व है। बस्तर की मान्यताओं के अनुसार, जब तक इस पूजा को विधिपूर्वक संपन्न नहीं किया जाता, तब तक नए आम का सेवन वर्जित होता है। यह पर्व प्रकृति और देवताओं से नए आम के फ्ल का अर्पण कर उनसे अनुमति लेने की एक प्राचीन परंपरा है। स्थानिय ग्रामीणों के अनुसार, इस पर्व की शुरुआत 'बूढ़ा देव कोट' से होती है। यहां से देवी-देवताओं की गाथा (पारंपरिक प्रतीक) को डोबरा (तालाब) तक ले जाया जाता है। डोबरा में 'आंगा देव' को साक्षी मानकर पारंपरिक रीति-रिवाजों के साथ पूजा-अर्चना की जाती है। पूजा के दौरान फूल, चावल, लाली (सिंदूर) और कुमकुम का उपयोग कर देवताओं की सेवा की जाती है। इसके उपरांत 'बूढ़ा देव' और 'आंगा देव' का पवित्र स्नान कराया जाता है, जिसे शुद्धि और नवजीवन का प्रतीक माना जाता है। इस पर्व का एक महत्वपूर्ण अनुष्ठान पितरों (पूर्वजों) की आत्मा की शांति के लिए किया जाता है। जिन लोगों का देहांत हो चुका है, उनके लिए 'डुमनी' के माध्यम से डोबरा तालाब से जल लाया जाता है।

# विकास कार्यों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का होगा विस्तार: रमन सिंह

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**राजनांदगांव 18 अप्रैल।** विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह आज रायपुर स्थित विधानसभा निवास कार्यालय से वर्चुअल माध्यम से जुड़कर राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के 15 विभिन्न स्थानों पर आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल हुए। इस अवसर पर उन्होंने 59 ग्राम पंचायतों में 9 करोड़ 78 लाख 20 हजार रूपए की लागत से 154 विभिन्न विकास कार्यों का भूमिपूजन कर क्षेत्रवासियों को महत्वपूर्ण सौगात दी। इस अवसर पर सांसद श्री संतोष पाण्डेय वर्चुअल माध्यम से जुड़े रहे। पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह ग्राम पंचायत रानीतराई में आयोजित भूमिपूजन कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह ने कहा कि एक साथ कई ग्राम पंचायतों में विकास कार्यों की शुरुआत होना क्षेत्र के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने सभी जनप्रतिनिधियों, पंचायत पदाधिकारियों एवं ग्रामीणजनों को बधाई देते हुए कहा कि विकास कार्यों के माध्यम से ग्रामीण क्षेत्रों में आधारभूत सुविधाओं का विस्तार होगा और जनजीवन में सकारात्मक परिवर्तन आएगा। उन्होंने कहा कि वर्तमान में शासन द्वारा ग्रामीण विकास, बुनियादी सुविधाओं के विस्तार एवं जनकल्याणकारी योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन पर विशेष जोर दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि वे स्वयं भी शीघ्र ही सभी ग्रामों का दौरा कर विकास कार्यों की प्रगति का अवलोकन करेंगे तथा नागरिकों से सीधे संवाद करेंगे। विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने बताया कि ग्राम अचानकपुर-भाटापारा, नवागांव एवं गठुला में अटल डिजिटल सेवा केंद्रों का लोकार्पण किया गया है। इन केंद्रों के माध्यम से ग्रामीणों को बैंकिंग, डिजिटल सेवाएं एवं विभिन्न शासकीय योजनाओं की सुविधाएं स्थानीय स्तर पर ही उपलब्ध होंगी, जिससे ग्रामीणों को शहरों पर निर्भर नहीं रहना पड़ेगा। उन्होंने बड़ी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए कहा कि शासन द्वारा महिलाओं के सशक्तिकरण के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। उन्होंने नारी शक्ति वंदन अधिनियम से जुड़े प्रावधानों का उल्लेख करते हुए कहा कि महिलाओं की भागीदारी बढ़ने से लोकतांत्रिक व्यवस्था और अधिक सुदृढ़ होगी। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के तहत लोकसभा एवं राज्य विधानसभाओं में महिलाओं को 33 प्रतिशत आरक्षण मिलेगा।

विधानसभा अध्यक्ष डॉ. सिंह ने जनगणना 2027 के प्रथम चरण के संबंध में जानकारी देते हुए बताया कि 16 अप्रैल से 30 अप्रैल 2026 तक स्व-गणना पोर्टल पर डिजिटल जनगणना प्रक्रिया प्रारंभ हो गई है। 1 मई से 30 मई 2026 तक मकान सूचीकरण एवं मकानों की गणना की जाएगी। उन्होंने नागरिकों से अपील की कि वे इस महत्वपूर्ण राष्ट्रीय कार्य में सक्रिय सहयोग करें, ताकि कोई भी व्यक्ति जनगणना से वंचित न रहे। उन्होंने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय द्वारा प्रारंभ किए जा रहे सुशासन तिहार 2026 अभियान की जानकारी देते हुए बताया कि 1 मई से 10 जून 2026 तक जिले के विभिन्न ग्राम पंचायतों में जनसमस्या निवारण शिविर आयोजित कर नागरिकों की समस्याओं का त्वरित निराकरण किया जाएगा। इन शिविरों में राजस्व प्रकरण, नामांतरण, सीमांकन, आय-जाति-निवास प्रमाण पत्र, मनरेगा भुगतान, विद्युत एवं पेयजल संबंधी समस्याओं सहित विभिन्न योजनाओं के लंबित मामलों का मौके पर समाधान किया जाएगा।

पूर्व सांसद श्री अभिषेक सिंह ने कहा कि राजनांदगांव विधानसभा क्षेत्र के पंचायतों में लगभग 10 करोड़ रूपए के विकास कार्यों का भूमिपूजन महत्वपूर्ण उपलब्धि है। इसके लिए उन्होंने विधानसभा अध्यक्ष डॉ. रमन सिंह एवं मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि शासन ग्रामीण क्षेत्रों में बुनियादी सुविधाओं के विस्तार के लिए प्रतिबद्ध है।

## एक नजर

### राजस्व पखवाड़ा में 912 प्रकरणों का निराकरण



**राजनांदगांव 18 अप्रैल।** शासन के निर्देशानुसार जिले में 1 अप्रैल से 15 अप्रैल 2026 तक राजस्व पखवाड़ा अंतर्गत ग्रामीण स्तर पर शिविर आयोजित कर नागरिकों की राजस्व संबंधी समस्याओं का त्वरित समाधान किया गया। कलेक्टर श्री जितेन्द्र यादव के मार्गदर्शन में आयोजित राजस्व शिविरों में कुल 1623 आवेदन प्राप्त हुए, जिनमें से 912 प्रकरणों का त्वरित निराकरण कर दिया गया है। शेष 711 आवेदनों के शीघ्र निराकरण हेतु संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार शिविरों में उपस्थित राजस्व अधिकारियों द्वारा नामांतरण, बंटवारा, सीमांकन सहित भूमि से जुड़े विभिन्न मामलों का मौके पर ही समाधान किया गया। लंबित प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर शीघ्र निराकृत करने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि आम नागरिकों को किसी प्रकार की असुविधा नहीं हो। जिला प्रशासन द्वारा आगामी चरणों में भी राजस्व पखवाड़ा आयोजित किए जाने की योजना बनाई गई है। इसके तहत 4 मई से 18 मई 2026 तक एवं 1 जून से 15 जून 2026 तक पुनः शिविर आयोजित किए जाएंगे। इसके लिए सभी आवश्यक तैयारियां सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए हैं। जिला प्रशासन द्वारा आगामी आयोजित शिविरों में पहुंचकर अपनी भूमि संबंधी समस्याओं का मौके पर ही समाधान प्राप्त करने की अपील की गई है।

### जयेश तिवारी को भाजपा युवा मोर्चा में नई जिम्मेदारी



**रायपुर 18 अप्रैल।** भारतीय जनता युवा मोर्चा (भाजपा युवा मोर्चा) ने संगठन विस्तार करते हुए नई नियुक्तियों की घोषणा की है। इसी क्रम में जयेश तिवारी को महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। रायपुर जिला इकाई में विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं, जिनमें जयेश तिवारी को जिला खेल एवं कला प्रकोष्ठ में जिम्मेदारी दी गई है। यह नियुक्ति संगठन को जमीनी स्तर पर और मजबूत करने के उद्देश्य से की गई है। जिलाध्यक्ष अर्पित सूर्यवंशी के नेतृत्व में जारी इस आदेश में कई अन्य कार्यकर्ताओं को भी अलग-अलग प्रकोष्ठों में दायित्व सौंपे गए हैं। संगठन ने उम्मीद जताई है कि सभी नव-नियुक्त पदाधिकारी अपने-अपने क्षेत्र में सक्रिय भूमिका निभाते हुए युवा मोर्चा को और सशक्त बनाएंगे।

### महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी घोषित आभा श्रीवास्तव को महत्वपूर्ण दायित्व

**राजनांदगांव 18 अप्रैल।** भारतीय जनता महिला मोर्चा की जिला कार्यकारिणी की घोषणा प्रदेश नेतृत्व के मार्गदर्शन एवं वरिष्ठ पदाधिकारियों के निर्देशानुसार की गई। नवगठित कार्यकारिणी में संगठन के प्रति समर्पित, सक्रिय एवं अनुभवी कार्यकर्ताओं को विभिन्न दायित्व सौंपे गए हैं, जिससे संगठन को नवीन ऊर्जा एवं सशक्त दिशा प्राप्त होने की अपेक्षा व्यक्त की जा रही है। घोषित कार्यकारिणी में जिलाध्यक्ष के रूप में श्रीमती पुष्पा गायकवाड़ को दायित्व प्रदान किया गया है। वहीं महामंत्री पद पर श्रीमती वैशाली साहू एवं श्रीमती मिथलेश्वरी वैष्णव को जिम्मेदारी सौंपी गई है। इसके अतिरिक्त उपाध्यक्ष पद पर सुश्री पायल जैन, श्रीमती वर्षा गेडाम, श्रीमती मधुस्मिता साहू, श्रीमती तेजमाला देशमुख, श्रीमती नेहा जैन, श्रीमती संध्या देवी चन्द्रवंशी एवं श्रीमती मीना यादव को महत्वपूर्ण दायित्व प्रदान किए गए हैं। इसी क्रम में जिला मंत्री पद पर श्रीमती राजेश्वरी साहू, श्रीमती संगीता मिश्रा, श्रीमती सीता वैष्णव, श्रीमती अलका साहारे, श्रीमती सुहासिनी छीरसागर, श्रीमती कुमारी देवांगन सहित श्रीमती आभा श्रीवास्तव को संगठन द्वारा महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। श्रीमती आभा श्रीवास्तव दीर्घकाल से संगठनात्मक एवं सामाजिक गतिविधियों में सक्रिय भूमिका निभाती रही हैं।

# एनएसयूआई ने की छात्रसंघ चुनाव बहाली की मांग, उग्र आंदोलन की चेतावनी

**रायपुर 18 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ के समस्त महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव की तत्काल बहाली की मांग को लेकर भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन द्वारा किए जा रहे चरणबद्ध आंदोलन ने अब एक निर्णायक और उग्र रूप ले लिया है। अपने लोकतांत्रिक अधिकारों की रक्षा और छात्र संघ व्यवस्था को पुनः लागू करवाने हेतु शांतिपूर्ण ढंग से उच्च शिक्षा मंत्री श्री टंकराम वर्मा जी को ज्ञापन सौंपने जा रहे आंदोलनरत छात्रों को शासन-प्रशासन ने भारी पुलिस बल लगाकर और बैरिकेडिंग कर दमनकारी तरीके से रोक लिया। सरकार की इस तानाशाहीपूर्ण कार्रवाई ने स्पष्ट कर दिया है कि यह प्रदेश के युवाओं और छात्रों की आवाज़ से डरी हुई है।

लंबे समय से छात्र संघ चुनाव न होने के कारण प्रदेश भर के छात्रों में भारी आक्रोश व्याप्त है। चुनाव न होने से न केवल छात्रों के लोकतांत्रिक अधिकारों का खुला हनन हो रहा है, बल्कि उनकी समस्याओं को प्रशासन तक पहुँचाने वाला कोई आधिकारिक और सशक्त माध्यम भी नहीं बचा है। इसी के विरोध में एनएसयूआई द्वारा उच्च शिक्षा मंत्री के नाम ज्ञापन प्रेषित कर 5 सूत्रीय प्रमुख मांगें रखी गई हैं, जिनमें तत्काल चुनाव बहाली, निष्पक्ष चुनाव प्रक्रिया, तिथियों की शीघ्र घोषणा और छात्र प्रतिनिधियों को मान्यता देने की मांग शामिल है।



**सरकार की दमनकारी नीति पर प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे जी का तीखा प्रहार:** शांतिपूर्ण प्रदर्शन को पुलिस बल द्वारा कुचले जाने के प्रयास पर सख्त और आक्रामक रुख अपनाते हुए एनएसयूआई के प्रदेश अध्यक्ष नीरज पांडे जी ने राज्य सरकार को खुली चेतावनी दी है। उन्होंने गरजते हुए कहा- सत्ता के नशे में चूर और अहंकार में डूबी यह सरकार पुलिस के डंडों और बैरिकेड्स के दम पर छात्रों की बुलंद आवाज़ को दबाना चाहती है। लेकिन उन्हें यह मुगालता नहीं पालना चाहिए कि हम पीछे हटेंगे। छात्र संघ चुनाव हमारा संवैधानिक और मौलिक अधिकार है, सरकार की दी हुई कोई खैरात नहीं! सरकार छात्रों के नेतृत्व क्षमता और उनकी एकजुटता से खौफजदा है। आज पुलिस बल लगाकर हमारी राह रोकी गई है, लेकिन अगर जल्द ही छात्र संघ चुनाव की तारीखों का ऐलान नहीं हुआ, तो यह चिंगारी पूरे प्रदेश में ज्वाला बनेगी। सरकार कान खोलकर सुन ले, हम ईंट से ईंट बजा देंगे और हर महाविद्यालय, हर सड़क पर ऐसा उग्र संग्राम होगा जिसकी पूरी जिम्मेदारी इस सोई हुई गूंगी-बहरी सरकार और प्रशासन की होगी।

एनएसयूआई रायपुर ग्रामीण जिलाध्यक्ष प्रशांत गोस्वामी ने कहा कि प्रदेश के सभी महाविद्यालयों एवं विश्वविद्यालयों में छात्र संघ चुनाव की तत्काल बहाली की जाए। भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन स्पष्ट शब्दों में यह चेतावनी देता है कि यदि छात्रों की इन न्यायपूर्ण और जायज मांगों की अनदेखी की गई और तत्काल आवश्यक निर्देश जारी नहीं किए गए, तो हम अपने अधिकारों को छीन कर लेने के लिए बाध्य होंगे। इसके पश्चात जो भी प्रदेशव्यापी उग्र आंदोलन होगा, उसकी संपूर्ण जिम्मेदारी शासन-प्रशासन की होगी। छात्र संघ चुनाव पूर्णतः निष्पक्ष, पारदर्शी एवं समयबद्ध तरीके से संपन्न कराए जाएं। चुनाव कार्यक्रम (तिथि एवं संपूर्ण प्रक्रिया) की अविलंब घोषणा की जाए। छात्र हितों की रक्षा हेतु चुने गए छात्र प्रतिनिधियों को तत्काल अधिकार एवं मान्यता प्रदान की जाए। शिक्षण संस्थानों में लोकतांत्रिक मूल्यों की रक्षा करते हुए छात्र संघ व्यवस्था को पुनः पूरी गरिमा के साथ लागू किया जाए। इस दौरान मुख्य रूप से हस्दू प्रदेश उपाध्यक्ष अमित शर्मा,प्रभारी महामंत्री हेमंत पाल,हस्दू शहर जिलाध्यक्ष शांतनु झा,प्रदेश महामंत्री निखिल वंजारी,विशाल कुकरेजा,वैभव मुजेवर,पुणेश्वर लहरे,मोनू तिवारी,शिवांक सिंह,प्रशांत चंद्राकर, तारिक अनवर,दिव्यांशु,प्रियांशु सहित सैकड़ों छात्र नेता मौजूद रहे।

# मतभेद भुलाकर, एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा

**तिल्दा नेवरा 18 अप्रैल।** तिल्दा नेवरा में लगभग 60 वर्षों पहले अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज की स्थापना करने वाले महान व्यक्ति आज भले ही हमारे बीच नहीं हैं, लेकिन उनकी स्मृतियाँ और उनके द्वारा स्थापित यह समाज आज भी जीवंत है। हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी भगवान श्री परशुराम जी की जयंती तिल्दा नेवरा स्थित परशुराम भवन में श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाई जाएगी। एक समय ऐसा था जब समाज के अग्रणी पंडित मालूराम शर्मा, रमन शर्मा, पंडित सूरजमल जी, पंडित योगानंद, गुलाब शर्मा, रामावतार पांडे, दुबे पटवारी सहित सुवा लाल शर्मा शंकर शंभू लाल शर्मा ऐसे अनेक लोग उपस्थित रहते थे। इन्होंने वरिष्ठ जनों के सहयोग से लगभग 60 वर्ष पूर्व अखिल भारतीय ब्राम्हण समाज की स्थापना की थी। स्वर्गीय डी. शर्मा, मुन्ना लाल शुक्ल, गंगाधर झा एवं अन्य प्रतिष्ठित ब्राह्मणों ने मिलकर परशुराम जयंती जैसे धार्मिक एवं सामाजिक कार्यक्रमों का निरंतर आयोजन किया। वर्ष 1986 से 1990 के बीच जब केशव प्रसाद शर्मा तिल्दा में पदस्थ हुए, तब नेवरा मंडी सचिव के माध्यम से उनकी मुलाकात पंडित मालूराम शर्मा से हुई। इसके बाद श्री परशुराम जयंती को और भी व्यापक और भव्य रूप में मनाने की शुरुआत की गई, जिसे समाज ने पूरे उत्साह और जोश के साथ आगे बढ़ाया।

एकता एवं संगठन अभियान के अंतर्गत ब्राह्मण समाज को संगठित और सशक्त बनाने के उद्देश्य से तिल्दा नेवरा में समाज के वरिष्ठजनों द्वारा एक महत्वपूर्ण पहल की गई है। इस दौरान समाज के विभिन्न वर्गों को एक मंच पर लाने का आह्वान किया गया।

वरिष्ठ सदस्यों ने वर्तमान सामाजिक परिस्थितियों पर विचार करते हुए कहा कि आज के समय में एकता ही किसी भी समाज की सबसे बड़ी ताकत है। उन्होंने जोर देकर कहा कि यदि सभी लोग मिलकर एक दिशा में कार्य करें, तो शिक्षा, संस्कृति, सामाजिक विकास और युवा मार्गदर्शन जैसे क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रगति संभव है।

इस अवसर पर एक वरिष्ठ सदस्य ने कहा, समाज की मजबूती आपसी सहयोग और संवाद में निहित है। हमें अपने मतभेद भुलाकर एकजुट होकर आगे बढ़ना होगा, तभी हम आने वाली पीढ़ी के लिए बेहतर वातावरण तैयार कर पाएंगे। वरिष्ठजनों ने यह भी बताया कि बदलते समय के साथ अपनी परंपराओं और मूल्यों को संरक्षित रखना बेहद आवश्यक है। एक मंच पर आने से संवाद बढ़ेगा और समाज की विभिन्न समस्याओं के समाधान में भी आसानी होगी।

# लेबर कॉलोनी में गांव चलो-बस्ती चलो अभियान का भव्य आयोजन

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता

**राजनांदगांव 18 अप्रैल।** नगर निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 17 लेबर कॉलोनी तुलसीपुर उत्तर मंडल स्थित आंगनवाड़ी भवन में 15 अप्रैल बुधवार को गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के तहत भव्य कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वहीं भारतीय जनता पार्टी के द्वारा भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के जिला अध्यक्ष हैरी जोसेफ को गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 लेबर कॉलोनी तुलसीपुर उत्तर मंडल के प्रभारी बनाए गए हैं उन्हीं के नेतृत्व में कार्यक्रम में विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों, वरिष्ठ नागरिकों एवं समाजसेवियों का सम्मान किया गया। इस दौरान भाजपा पदाधिकारियों और स्थानीय कार्यकर्ताओं की उल्लेखनीय उपस्थिति रही।

भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे गांव चलो, बस्ती चलो अभियान के अंतर्गत वार्ड क्रमांक 17 लेबर कॉलोनी तुलसीपुर उत्तर मंडल के आंगनवाड़ी भवन में सम्मान समारोह एवं जनसंपर्क कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से लाभान्वित नागरिकों तक पहुंच बनाना तथा समाज के विभिन्न वर्गों का सम्मान करना था। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश





पिछड़ा वर्ग मोर्चा के प्रदेश कोषाध्यक्ष किशुन यदु उपस्थित रहे। उनके साथ प्यारेलाल जनभागीदारी स्कूल के अध्यक्ष नरेंद्र मुन्ना यादव, संतोष वर्मा, सतीश रेवटकर, बी.डी. मानिक, प्रकाश हरिहरनो, विजय श्रीवास्तव, गंगाधर, संगीता मिश्रा, सुधा पावर सहित अनेक कार्यकर्ता एवं स्थानीय नागरिक मौजूद रहे। इस अवसर पर अभियान के तहत शासन की विभिन्न योजनाओं से लाभान्वित हितग्राहियों को सम्मानित किया गया। सम्मान स्वरूप सभी को श्रीफल एवं शॉल भेंट कर अभिनंदन किया गया। महतारी वंदन योजना के लाभार्थियों में दुर्गा भुवनेश्वर, प्रतिमा वर्मा एवं ज्योत्सना रेवतकर को सम्मानित किया गया। वहीं आवास योजना के अंतर्गत लाभ प्राप्त करने वाले भगवान दास यादव एवं प्रेमलता सिन्हा को सम्मान दिया गया। इसके अलावा क्षेत्र के वरिष्ठ नागरिक तूफनी वर्मा को विशेष सम्मान प्रदान किया गया। समाज सेवा के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली शिक्षिका सुश्री लीला मानिक को भी सम्मानित कर उनके योगदान की सराहना की गई। कार्यक्रम में उपस्थित अतिथियों ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार की योजनाएं अंतिम व्यक्ति तक पहुंचें यही इस अभियान का उद्देश्य है। भाजपा कार्यकर्ता लगातार बस्तियों और वार्डों में पहुंचकर जनता से संवाद स्थापित कर रहे हैं। कार्यक्रम के अंत में सभी अतिथियों, कार्यकर्ताओं एवं स्थानीय नागरिकों का आभार व्यक्त किया गया। आयोजन को लेकर क्षेत्रवासियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला।



## कार्यालय नगर पंचायत चारामा, जिला उ.ब. कांकेर (छ.ग.)

क्रमांक/34/लो.नि.वि./न.पं./2026-27 चारामा, दिनांक 16/04/2026

**-:मैनुअल पद्धति निविदा आमंत्रण सूचना:-**

नगर पंचायत चारामा द्वारा अधोसंरचना मद अंतर्गत निम्नानुसार विभिन्न विकास कार्य कराये जाने हेतु लो.नि. वि. द्वारा एकीकृत पंजीयन प्रणाली अंतर्गत सक्षम श्रेणी में पंजीकृत ठेकेदारों से लो.नि.वि. भवन एस.ओ.आर. 01.01.2015 एवं रोड़ एस.ओ.आर. 01.01.2025 के प्रचलित दर पर निविदा प्रपत्र 'अ' में तीन लिफाफा (निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि एफ डी.आर.) पद्धति से मुहरबंद पंजीकृत डाक/स्पीडपोस्ट के माध्यम से निविदा आमंत्रित की जाती है:-

निविदा प्रपत्र हेतु आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि :- 27.04.2026 दिन सोमवार समय 5.00 बजे तक
निविदा प्रपत्र विक्रय की तिथि :- 05.05.2026 दिन मंगलवार समय 4.30 बजे तक
निविदा प्रस्तुत करने की तिथि :- 12.05.2026 दिन मंगलवार समय 3.00 बजे तक
निविदा खोलने की अंतिम तिथि :- 12.05.2026 दिन मंगलवार समय 4.00 बजे तक

| क्र | कार्य का नाम | कुल 11 कार्यों की लागत राशि (लाख में) |
|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत चारामा क्षेत्रांतर्गत अधोसंरचना मद से सी.सी. सड़क, रिटर्निंग वाल, नाली में कवर, बाउण्ड्रीवाल, सी.सी.टापकोट, पेवर ब्लॉक निर्माण, मरम्मत एवं जीर्णोद्धार आदि कार्य जिनकी कुल संख्या 11 है। (पी.डबल्यु. डी. बिल्डिंग एस.ओ.आर. 01.01.2015 एवं रोड़ एस.ओ.आर. 01.01.2025) | 46.94 |

उपरोक्त कार्य हेतु टेक्नीकल स्पेसिफिकेशन, निविदा संबंधी संपूर्ण शर्तें/जानकारी कार्यालयीन दिवस में कार्यालय नगर पंचायत चारामा लो.नि.वि.शाखा से प्राप्त की जा सकती है एवं विभागीय पोर्टल http://uad.cg.gov.in से भी डाउनलोड किया जा सकता है।

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पंचायत चारामा


# छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रदेश स्तर चुनाव में जगनीक यादव बने अध्यक्ष

■ तरुण छत्तीसगढ़ संवाददाता



**भाटापारा 18 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज का प्रदेश स्तर चुनाव 12 अप्रेल रविवार को पूरे प्रदेश में 52 बूथ संचालित कर चुनाव सम्पन्न हुआ जिसमें प्रदेश अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, कोषाध्यक्ष, संयुक्त सचिव व सदस्य का सम्पन्न हुआ। जिसमें प्रदेश अध्यक्ष पद में जगनीक यादव भिलाई ने 6428 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मन्नू लाल यादव टेहका को 1251 मत प्राप्त हुआ, 5177 मतों से पराजित किया व लगातार चौथी बार ऐतिहासिक जीत हासिल कर पूरे प्रदेश में यादव समाज का मान सम्मान गौरव बढ़ाया है। वहीं उपाध्यक्ष पद के लिए भगत यादव धमतरी ने 6377 मत प्राप्त कर अपने निकटतम प्रतिद्वंदी नरेन्द्र यादव बसना को 1372 मत प्राप्त हुए, को भारी मातों से हराया। सचिव पद के लिए सुन्दर लाल यादव रायपुर ने 6044 मत प्राप्त किये अपने निकटतम प्रतिद्वंदी श्री देवीचरण यादव रतनपुर को 1299 मत प्राप्त किये, को भारी मतों से हराया। कोषाध्यक्ष पद के लिए जी.आर. यादव भिलाई ने 6516 मत प्राप्त किये अपने निकटतम प्रतिद्वंदी रामेश्वर यादव रायपुर को 1592 मत प्राप्त हुए, को भारी मतों से हराया। संयुक्त सचिव श्री मनोज यादव बिलासपुर को 6365 मत प्राप्त हुए अपने निकटतम प्रतिद्वंदी को दयाराम यादव को 1939 मत प्राप्त किये, को भारी मतों से हराया। सदस्य पद में आर. डी. यादव, बिलासपुर ने 5782 मत प्राप्त करते हुए अपने निकटतम प्रतिद्वंदी मुकेश यादव को 1676 मत प्राप्त हुए, को भारी मतों से हराया। सदस्य पद रंजीत यादव जीत दर्ज की इस प्रकार प्रगति पैनल छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज ने पूरे प्रदेश में अपने परचम लहराते हुए यादव समाज का मान बढ़ाया है। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज के प्रगति पैनल जीत दर्ज करने वाले प्रदेश स्तर के पदाधिकारीगणों कोबधाई दी। छत्तीसगढ़ झेरिया यादव समाज प्रदेश स्तर व जिला व तरेंगा राज, भाटापारा के यादव बंधुगण प्रदेश संरक्षक दशरथ यादव, अकलतरा, प्रदेश महामंत्री शिव कुमार यादव, भाटापारा, जिलाध्यक्ष सुरेन्द्र यादव बलौदा बाजार जिला उपाध्यक्ष नारंतक यादव टोनाटार, तरेंगा राज अध्यक्ष मुन्ना यादव (चंदली) अध्यक्ष तरेंगा राज व उपाध्यक्ष मुनीराम यादव चंदली, शोभाराम यादव लेवई, रूपराम यादव, गुड़ेलिया सचिव पुरूषोत्तम यादव, तरेंगा, कोषाध्यक्ष जोहन सिंह यादव चंदली, लेखापाल रामबिशाल यादव लेवई सहायक सचिव कमलेश यादव भाटापारा रवि यादव भाटापारा, रमेश यादव भाटापारा सुरेश यादव भाटापारा नगर इकाई अध्यक्ष सुरेश यादव भाटापारा जिला सदस्य माणिक चंद यादव भाटापारा विजय यादव तरेंगा, केजाराम यादव तरेंगा श्री रतन यादव लेवई, रामचंद लेवई, समस्त यादव बंधुगण आदि ।



## न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202604092300018 -अ/6 (अ) वर्ष 2025-26

### ईश्तहार

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक संतु राम पटेल पिता प्रभु पटेल जाति मरार निवासी ग्राम कातलवाही तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम कातलवाही पटवारी हल्का नं. 14 में स्थित अपने नाम की कृषि भूमि खसरा नं. 4/2, 4/5, 166/1, 381/1 रकबा 0.446, 0.683, 0.320, 0.238 हेक्टेयर कुल खसरा 04 कुल रकबा 1.687 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। किन्तु आन लाईन रिकार्ड में मेरा नाम संतराम पिता प्रभू जाति मरार दर्ज हो गया है एवं आधार में मेरा नाम संतु राम पटेल पिता प्रभु पटेल जाति मरार दर्ज है। आन लाईन रिकार्ड में मेरा नाम संतराम पिता परभू जाति समान्य के स्थान पर संतु राम पटेल पिता प्रभु पटेल जाति मरार दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र, बी-1 ऋण पुस्तिका की छायाप्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 28.04.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि में आपत्ति प्राप्त नही होने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

## न्यायालय नायब तहसीलदार डोंगरगढ़, जिला- राजनांदगांव (छ.ग.)

रा.प्र.क्र. 202604092300019 -अ/6 (अ) वर्ष 2025-26

### ईश्तहार

एतद सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि, आवेदक संतु राम पटेल पिता प्रभु पटेल जाति मरार निवासी ग्राम कातलवाही तहसील डोंगरगढ़ जिला राजनांदगांव द्वारा ग्राम कातलवाही पटवारी हल्का नं. 14 में स्थित शामिलात नाम की कृषि भूमि खसरा नं. 15000 रकबा 1.172 हेक्टेयर भूमि कुल खसरा 01 कुल रकबा 1.172 हेक्टेयर भूमि राजस्व अभिलेख में दर्ज है। किन्तु आन लाईन रिकार्ड में मेरा नाम संतराम पिता परभू जाति समान्य दर्ज हो गया है एवं आधार में मेरा नाम संतु राम पटेल पिता प्रभु पटेल जाति मरार दर्ज है। आन लाईन रिकार्ड में मेरा नाम संतराम पिता परभू जाति समान्य के स्थान पर संतु राम पटेल पिता प्रभु पटेल जाति मरार दर्ज किये जाने बाबत् आवेदन पत्र, बी-1 ऋण पुस्तिका की छायाप्रति पेश किया है।

अतः उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति को उजर व आपत्ति हो तो वह दिनांक 28.04.2026 तक इस न्यायालय में उपस्थित होकर पेश कर सकते हैं। नियत समयावधि में आपत्ति प्राप्त नही होने के पश्चात् प्राप्त आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 13.04.2026 को मेरे हस्ताक्षर व न्यायालय की मुहर से जारी किया गया।

(मुहर) नायब तहसीलदार
डोंगरगढ़

## कार्यालय नगर पंचायत पिपरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

### ईश्तहार

नगर पंचायत पिपरिया क्षेत्रांतर्गत श्री रितेन्द्र कुमार वर्मा पिता जोइधा वर्मा वार्ड क्र. 15 के नाम से स्थित भवन/भूमि क्षेत्रफल 0.012 हे. भूखण्ड को श्री लोकेश साहू पिता जोधन साहू के नाम निकाय के संपत्तिकर/समेकित कर निर्धारण पंजी में नामांतकरण (नाम दर्ज) करने हेतु खसरा बी-1, पी-2 एवं अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो, तो दिनांक 28/4/26 को शाम 05:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत पिपरिया में स्वयं उपस्थित होकर लिखित में दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। उपरोक्त तिथि पश्चात् बिना प्रमाण पत्र के प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा नामांतरण का नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

(मुहर) मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पिपरिया

## कार्यालय नगर पंचायत पिपरिया, जिला-कबीरधाम (छ.ग.)

### ईश्तहार

नगर पंचायत पिपरिया क्षेत्रांतर्गत श्रीमती आरती नामदेव पति विवेक नामदेव वार्ड क्र. 15 के नाम से स्थित भवन/भूमि क्षेत्रफल 0.0400 हे. भूखण्ड को श्री लाला प्रसाद साहू पिता खेदूराम साहू एवं श्री लोकेश साहू पिता जोधन साहू के नाम पर निकाय के संपत्तिकर / समेकित कर निर्धारण पंजी में नामांतरण (नाम दर्ज) करने हेतु खसरा बी-1, पी-2 एवं अन्य दस्तावेज संलग्न कर आवेदन प्रस्तुत किया गया है।

अतएव उपरोक्त संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति अथवा संस्था को कोई आपत्ति अथवा दावा पेश करना हो, तो दिनांक 28/4/26 को शाम 05:00 बजे तक कार्यालय नगर पंचायत पिपरिया में स्वयं उपस्थित होकर लिखित में दावा आपत्ति पेश कर सकते हैं। उपरोक्त तिथि पश्चात् बिना प्रमाण पत्र के प्रस्तुत दावा आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा तथा नामांतरण का नियमानुसार कार्यवाही की जावेगी।

(मुहर) मुख्य नगरपालिका अधिकारी
नगर पंचायत पिपरिया

## नाम परिवर्तन

मैं जुगल बघेल (JUGAL BAGHEL), पिता सुरेश बघेल (SURESH BAGHEL) माता सीमा बघेल (SEEMA BAGHEL) आयु-23 वर्ष, निवासी-मकान नं. 515, वार्ड नंबर-10, शंकर नगर, दुर्ग, तहसील व जिला-दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं।

मेरी जन्मतिथि 17/06/2003 (सत्रह जून सन् दो हजार तीन) है।

मेरे आधारकार्ड नंबर- 4778 8530 5034 में मेरा नाम हिन्दी में जुगाल बघेल एवं अंगेजी में TUGAL BAGHEL अंकित हो गया है, जो कि गलत है।

मेरा सही नाम हिन्दी मे जुगल बघेल एवं अंगेजी में JUGAL BAGHEL है जो मेरे 10वीं एवं 12वीं के अंकसूची से प्रमाणित होता है, मेरे समस्त दस्तावेजों में मेरा नाम जुगल बघेल एवं अंगेजी में JUGAL BAGHEL, लिखा है और मुझे इसी नाम से ही जाना एवं पहचाना जाता है।

इस शपथपत्र को प्रस्तुत करने के बाद से मुझे हिन्दी में जुगल बघेल एवं अंगेजी मे JUGAL BAGHEL के नाम से पढ़ा लिखा एवं पुकारा जाये एवं मेरे समस्त शासकीय एवं अर्द्धशासकीय दस्तावेजों में मेरा नाम हिन्दी में जुगल बघेल एवं अंगेजी में JUGAL BAGHEL ही अंकित किया जाये और भविष्य में मुझे इसी के नाम जाना, पहचाना, लिखा एवं पुकारा जाये।

भविष्य में मेरे इस नाम से किसी भी व्यक्ति/संस्था/निकाय को कोई आपत्ति अथवा विवाद होती है, तो सारी जवाबदारी मेरी स्वयं की होगी।

शपथकर्ता
जुगल बघेल

## एक नजर

### अंतर्राज्यीय महिला गांजा तस्कर गिरफ्तार

**रायपुर, 18 अप्रैल।** राजधानी पुलिस ने नशे के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत एक बड़ी कार्रवाई की है। डीसीपी (उत्तर क्षेत्र) के मार्गदर्शन में खमतराई थाना पुलिस ने रावाभांठा, डेरापारा के पास घेराबंदी कर एक महिला तस्कर और एक नाबालिग को गिरफ्तार किया है। पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली थी कि डेरापारा के पास संदिग्ध लोग मादक पदार्थ की तस्करी की फिराक में हैं। सूचना पर कार्रवाई करते हुए पुलिस टीम ने छापेमारी की, जहाँ आरोपियों के पास से कुल 3 किलो 319 ग्राम गांजा बरामद किया गया। पकड़े गए आरोपियों में मुख्य आरोपी नरगिस खान, जो मूल रूप से महाराष्ट्र की निवासी है, एक अंतर्राज्यीय तस्कर बताई जा रही है। उसके साथ पुलिस ने एक नाबालिग को भी हिरासत में लिया है। पुलिस ने दोनों आरोपियों के खिलाफ नारकोटिक्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की वैधानिक कार्रवाई शुरू कर दी है। खमतराई पुलिस अब इस बात की तफ्तीश कर रही है कि यह खेप कहाँ से लाई गई थी और रायपुर में किन-किन लोगों को इसकी सप्लाई की जानी थी।

### परशुराम जयंती पर 19 को कई कार्यक्रम

**रायपुर, 18 अप्रैल।** परशुराम जयंती पर कल 11 बजे सरयूपारिण ब्राह्मण सभा के मानस भवन संजय नगर में भगवान परशुराम की पूजा अर्चना कर भवन के बाहर पंडाल लगा राहगीरों को मट्ठा, शरबत एवं शीतल पेय पिलाया जाएगा। इस कार्यक्रम की अगुवाई समाज की महिला शाखा द्वारा की जाएगी। इसी प्रकार छत्तीसगढ़ी ब्राह्मण समाज केंद्रीय समिति द्वारा सुंदर नगर चौक पर प्रभु की आरती एवं उसके उपरांत ब्राह्मण समाज द्वारा सभी श्रद्धालुओं को 10 से 12 के मध्य मट्ठा वितरण का कार्यक्रम रखा गया है।

### एआई से फैक्ट्री कर्मियों को मिलेगा तुरत मार्गदर्शन

**रायपुर, 18 अप्रैल।** आज इंडस्ट्री में काम करने वाले कर्मचारियों के लिए सबसे बड़ी जरूरत है सुरक्षा, सही ट्रेनिंग और तुरंत मदद। यदि काम के दौरान ही सही जानकारी मिल जाए, तो काम आसान होने के साथ-साथ जोखिम भी कम हो जाता है। इसी जरूरत को ध्यान में रखते हुए, वेदांता एल्युमीनियम की इकाई भारत एल्युमीनियम कंपनी लिमिटेड (बाल्को) ने एआई आधारित ह्यूमनॉइड 'एएलएआईएसए' को शॉप-फ्लोर पर तैनात किया है। यह सिस्टम कर्मचारियों को रियल-टाइम ट्रेनिंग, काम से जुड़ा मार्गदर्शन और सुरक्षा से संबंधित जानकारी सीधे मौके पर ही देता है। छत्तीसगढ़ के स्मेल्टर कॉम्प्लेक्स में काम कर रहा यह ह्यूमनॉइड एसओपी, मेंटेनेंस और सुरक्षा नियमों को आसान तरीके से समझाने में मदद करता है। इससे कर्मचारियों को तुरंत समाधान मिलता है और उनका आत्मविश्वास बढ़ता है। वेदांता एल्युमीनियम के सीईओ राजीव कुमार ने कहा, यह पहल हमारे डिजिटल और स्मार्ट सिस्टम की दिशा में एक अहम कदम है, जिससे कर्मचारियों की क्षमता और सुरक्षा दोनों मजबूत हो रही हैं।



### निधन

#### अतुल शर्मा



**रायपुर, 18 अप्रैल।** प्रोफेसर कालोनी निवासी अतुल शर्मा पिता जितेंद्र शर्मा रिटायर्ड रेंजर(पिता रामानंद शर्मा) सोनपुर का आकस्मिक निधन हो गया है। जिनका अंतिम संस्कार आज महादेव घाट में किया गया।

# नगर निगम में 100 करोड़ के कथित घोटाले की जांच के लिए 4 सदस्यीय कमेटी गठित

**रायपुर, 18 अप्रैल।** रायपुर नगर निगम में टाउन एंड कंट्री प्लानिंग और मार्ग संरचना अप्रूवल के नाम पर 100 करोड़ रुपये से अधिक के कथित घोटाले का मामला सामने आने के बाद हड़कंप मच गया है। इस बीच अब निगम आयुक्त विश्वदीप ने मामले की जांच के लिए चार सदस्यीय कमेटी का गठन किया है। इस संबंध में आदेश नगर पालिका निगम रायपुर कार्यालय से जारी किया गया है।



नगर पालिका निगम आयुक्त विश्वदीप ने कहा कि चार सदस्यीय जांच कमेटी गठित की गई है। इसमें पंकज शर्मा (अपर आयुक्त, नगर निवेश) को कमेटी का अध्यक्ष बनाया गया है। आभाष मिश्रा (नगर निवेश) सदस्य हैं। आशुतोष सिंह (कार्यपालन अभियंता, नगर निवेश) सचिव हैं। साथ ही सोहन गुप्ता (उप अभियंता, नगर निवेश) सदस्य हैं। कमेटी से मामले की विस्तृत जांच कर प्रतिवेदन मांगा गया है।

#### अवैध कॉलोनियों को वैध करने का षडयंत्र

नगर निगम के नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने इस घोटाले को लेकर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि यह 100 करोड़ से अधिक का घोटाला है। दलाल, बिल्डरों और कुछ अधिकारियों की मिलीभगत से खेल खेला गया है। नियम-कानून और प्रक्रिया को तिलांजलि दे दी गई है। मामले की जानकारी होते ही मूल नस्ती गायब कर दी गई। अवैध कॉलोनियों को अवैध तरीके से वैध करने का एक बड़ा षड्यंत्र है। यह पूरा मामला कामरेड सुधीर मुखर्जी वार्ड क्रमांक 54 अंतर्गत आरडीए कॉलोनी से लगे बोरियाखुर्द, ओम नगर, साई नगर और बिलाल नगर क्षेत्र के भूखंडों से जुड़ा है। इनमें भूखंड क्रमांक 81, 82, 86 से लेकर 450 तक कुल 70 से अधिक खसरा नंबर, All of Part शामिल हैं। इस मामले में जोन क्रमांक 10 से फाइल सीधे टीएंडसी विभाग पहुंचा दी गई। निगम कमिश्नर को पूरी तरह बायपास कर दिया गया। जब टीएंडसी से फाइल कमिश्नर के पास आई, तो उन्होंने हैरानी जताई कि यह फाइल तो उन्होंने अप्रूव ही नहीं की थी। इसके बाद जोन क्रमांक 10 से मूल नस्ती मंगवाई गई, तो पता चला कि मूल फाइल गायब हो चुकी है। जोन आयुक्त, जोन-10 ने नस्ती गुम होने का आधिकारिक पत्र भी लिखा है। फिलहाल, अब जांच कमेटी की रिपोर्ट आने के बाद ही पूरे मामले की सच्चाई सामने आ सकेगी।


# अरुण साव ने किया कबड्डी खिलाड़ी संजू देवी का सम्मान




**रायपुर, 18 अप्रैल।** उप मुख्यमंत्री अरुण साव ने कबड्डी विश्व कप में भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में अहम भूमिका निभाने वाली छत्तीसगढ़ की अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी संजू देवी का सम्मान किया। इस अवसर पर उन्हें 50 लाख रुपए का चेक प्रदान किया और उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में आयोजित कबड्डी विश्व कप-2025 में संजू देवी ने शानदार प्रदर्शन करते हुए भारत को स्वर्ण पदक दिलाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। प्रतियोगिता में उन्हें 'मोस्ट वैल्यूएबल खिलाड़ी' का खिताब भी मिला, जो पूरे प्रदेश के लिए गर्व की बात है।

उप मुख्यमंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के मार्गदर्शन में छत्तीसगढ़ खेल एवं युवा कल्याण विभाग द्वारा यह सम्मान प्रदान किया गया है। उन्होंने उम्मीद जताई कि संजू देवी आगे भी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर देश और प्रदेश का नाम रोशन करेंगी। समारोह में छत्तीसगढ़ कबड्डी संघ के अध्यक्ष शशिकांत बघेल खेल संचालक तनुजा सलाम कबड्डी संघ के पदाधिकारी एवं अन्य खिलाड़ी उपस्थित रहे।

# अमर पारवानी पुनः कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन निर्वाचित



**रायपुर, 18 अप्रैल।** कैट के राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी, छत्तीसगढ़ इकाई के चेयरमेन जितेंद्र दोशी, विक्रम सिंहदेव, अध्यक्ष परमानंद जैन, महामंत्री सुरिन्दर सिंह, कोषाध्यक्ष अजय अग्रवाल, कार्यकारी अध्यक्ष राजेंद्र जग्गी, राम मंधान, वासु मखीजा, भरत जैन, राकेश ओचवानी, शंकर बजाज ने संयुक्त रूप से बताया कि देश के सबसे बड़े व्यापारी संगठन कन्फेडरेशन ऑफ ऑल इंडिया ट्रेडर्स (कैट) की राष्ट्रीय कार्यकारिणी का गठन दिल्ली में आयोजित दो दिवसीय बैठक में संपन्न हुआ, जिसमें देशभर के 150 से अधिक वरिष्ठ व्यापारी नेताओं की गरिमामयी उपस्थिति रही। इस बैठक में वर्ष 2026-2028 के लिए कैट के राष्ट्रीय पदाधिकारियों का सर्वसम्मति से निर्वाचन किया गया। जिसमें बी.सी. भारतीया को पुनः राष्ट्रीय अध्यक्ष, प्रवीण खंडेलवाल को पुनः राष्ट्रीय महासचिव, बृजमोहन अग्रवाल को पुनः राष्ट्रीय चेयरमेन, तथा अमर पारवानी को पुनः राष्ट्रीय वाइस चेयरमेन निर्वाचित हुए।

छत्तीसगढ़ के प्रख्यात व्यापारी नेता एवं राष्ट्रीय व्यापारी कल्याण बोर्ड (भारत सरकार) के सदस्य अमर पारवानी का पुनः इस महत्वपूर्ण पद पर निर्वाचित होना प्रदेश के 12 लाख व्यापारियों के लिए गर्व एवं सम्मान का विषय है। छत्तीसगढ़ इकाई ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा कि यह पूरे छत्तीसगढ़ के व्यापारिक समुदाय के लिए एक ऐतिहासिक उपलब्धि है। उन्होंने कहा कि पारवानी की कुशल नेतृत्व क्षमता, संगठन के प्रति समर्पण एवं व्यापक व्यापारिक अनुभव के कारण उन्हें पुनः यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी सौंपी गई है। उनके नेतृत्व में छत्तीसगढ़ के व्यापारियों के हितों की निरंतर सशक्त पैरवी हुई है, जिससे प्रदेश को राष्ट्रीय स्तर पर एक नई पहचान प्राप्त हुई है।

## PICTURE-स्टोरी




रायपुर। मोवा में जलसंकट से आक्रोशित लोगों ने नगर निगम के जोन 9 कार्यालय का घेराव किया।

# ट्रांसपोर्ट चेम्बर का विस्तार

**रायपुर, 18 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ चेम्बर ऑफ कॉमर्स एण्ड इंडस्ट्रीज के प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने बताया कि चेम्बर के कार्य में सहयोग करने एवं गतिशील बनाने के लिये चेम्बर में पदाधिकारियों का विस्तार करते हुए ट्रांसपोर्ट चेम्बर का गठन कर हरचरण सिंह साहनी को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। तत्पश्चात् ट्रांसपोर्ट चेम्बर का विस्तार करते हुए महामंत्री, कोषाध्यक्ष, कार्यकारी अध्यक्ष, प्रमुख सलाहकार, उपाध्यक्ष, मंत्री एवं कार्यकारिणी सदस्य पदों पर मनोनयन किया गया है, जो निम्नानुसार है:-

महामंत्री - सुखदेव सिंह सिद्धू, कोषाध्यक्ष - दिवाकर अवस्थी, कार्यकारी अध्यक्ष - गुरजीत सिंह संधू, रणजीत सिंह वालिया, प्रमुख सलाहकार -जसबीर सिंह ढिल्लन, (ज्ञानी) बलजिंदर सिंह, श्रवण कुमार बिश्नोई। उपाध्यक्ष - स्वरूप चोपड़ा, दलविंदर सिंह ढिल्लन, रज्जू भाई मेमन, बनारसी पांडेय, आसिफ मेमन, अमरीक सिंह (सी.जी.आर.), जगदीश प्रसाद गुप्ता, विनीत तिवारी, सुनील वरड़िया, जसविंदर सिंह संधू, प्रभनाथ बैठा, भिलाई एवं रमाकांत साहू। मंत्री-हरिशंकर मिश्रा, हरनीत सिंह संधू (रिम्पल), नीरज बंसल, सैयद आसिफ अली, पवन अग्रवाल, बलवीर सिंह, रोशन शर्मा, याकूब मोकाती एवं मुरारी अग्रवाल। कार्यकारिणी सदस्य- रूपक चंद्रवंशी, पिन्टू सिंह, उत्तम जायसवाल, रणजोत सिंह गिल, गुरविंदर सिंह, संधावालिया, रोहित कुक्षत्री, जगमिंदर सिंह बल, मनप्रीत सिंह संधावालिया, उमेश वर्मा। प्रदेश अध्यक्ष सतीश थौरानी ने उपरोक्त मनोनीत पदाधिकारियों को बधाई दी है।

# आय से अधिक संपत्ति मामले में सौम्या चौरसिया पर आरोप तय

**रायपुर, 18 अप्रैल।** पूर्व भूपेश बघेल सरकार में सीएम की उप सचिव रहीं सौम्या चौरसिया की मुश्किलें बढ़ती नजर आ रही हैं। रायपुर की विशेष अदालत ने आय से अधिक संपत्ति अर्जित करने के मामले में उनके खिलाफ आरोप तय कर दिए हैं। इसके साथ ही अब इस मामले में नियमित सुनवाई शुरू होने का रास्ता साफ हो गया है, जिसमें गवाहों के बयान और प्रस्तुत साक्ष्यों के आधार पर आगे की कार्रवाई होगी।



राज्य आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने इस मामले की जांच करते हुए अदालत में विस्तृत चार्जशीट पेश की थी। इसी के आधार पर विशेष न्यायाधीश ने आरोपों पर संज्ञान लेते हुए उन्हें तय किया। अदालत में आरोप पढ़कर सुनाए जाने पर सौम्या चौरसिया ने इन्हें स्वीकार करने से इनकार किया और खुद को निर्दोष बताया। उन्होंने निष्पक्ष सुनवाई की मांग भी की है।

**अब होगी रेगुलर सुनवाई :** अब अदालत में इस मामले की नियमित सुनवाई होगी, जिसमें अभियोजन पक्ष अपने गवाहों और साक्ष्यों को पेश करेगा। वहीं बचाव पक्ष को भी अपने तर्क और साक्ष्य प्रस्तुत करने का अवसर मिलेगा। दोनों पक्षों की दलीलों को सुनने के बाद ही अदालत अंतिम फैसला सुनाएगी।

#### यह है मामला

यह मामला भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम के तहत दर्ज किया गया है। जांच एजेंसी द्वारा दायर चार्जशीट में आरोप लगाया गया है कि सौम्या चौरसिया ने अपने पद का दुरुपयोग करते हुए अपनी वैध आय से कहीं अधिक संपत्ति अर्जित की। अदालत द्वारा आरोप तय किए जाने के बाद अब इस मामले में ट्रायल की प्रक्रिया तेज हो जाएगी। जांच में सामने आया है कि 22 दिसंबर 2018 से 15 दिसंबर 2022 के बीच, यानी लगभग 1454 दिनों की अवधि में, सौम्या चौरसिया ने अपने और अपने परिजनों के नाम पर करीब 47 करोड़ 17 लाख रुपये की संपत्ति अर्जित की। जांच एजेंसी के अनुसार यह संपत्ति उनके ज्ञात वैध आय स्रोतों की तुलना में कई गुना अधिक है, जो आय से अधिक संपत्ति के दायरे में आती है।

**जमानत पर हैं सौम्या:** सौम्या चौरसिया को दिसंबर 2022 में प्रवर्तन निदेशालय (श्रष्ठ) ने गिरफ्तार किया था। उनके खिलाफ पहले से ही कोयला लेवी घोटाला, डीएमएफ (जिला खनिज न्यास) से जुड़े मामलों और कथित शराब घोटाले जैसे गंभीर आरोप दर्ज हैं। हालांकि, आय से अधिक संपत्ति का यह मामला अलग है और इसमें अदालत द्वारा आरोप तय किया जाना एक महत्वपूर्ण कानूनी प्रक्रिया मानी जा रही है। फिलहाल, सौम्या चौरसिया जमानत पर हैं और निलंबित चल रही हैं। आने वाले दिनों में अदालत में होने वाली सुनवाई इस मामले की दिशा और परिणाम तय करेगी।

# कोयला घोटालाः आईएएस विश्नोई की 20 करोड़ की संपत्ति जब्त

**रायपुर, 18 अप्रैल।** आय से अधिक संपत्ति के मामले में निलंबित आईएएस अधिकारी समीर विश्नोई पर एसीबी/ईओडब्ल्यू ने बड़ी कार्रवाई की है। विशेष भ्रष्टाचार निवारण न्यायालय, रायपुर ने समीर विश्नोई और उनकी पत्नी प्रीति विश्नोई के नाम पर खरीदी गई लगभग 15 से 20 करोड़ रुपये की बेनामी संपत्तियों को कुर्क करने के आदेश जारी किए हैं।



एसीबी/ईओडब्ल्यू की जांच में सामने आया कि समीर विश्नोई ने कथित अवैध आय को छिपाने के लिए अपनी पत्नी प्रीति विश्नोई के नाम पर 3ङ्क4 फर्म खड़ी कीं , इन फर्मों के माध्यम से कोयला लेवी स्कैम से अर्जित रकम को अचल संपत्तियों में निवेश किया गया।

आर्थिक अपराध अन्वेषण ब्यूरो ने अपराध क्रमांक 23/2024 में भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम 1988 (संशोधित 2018) की धारा 13(1)(बी) और 13(2) के तहत मामला दर्ज किया है।समीर विश्नोई को कोयला लेवी घोटाले का प्रमुख आरोपी माना गया है।

प्रवर्तन निदेशालय इससे पहले कोयला लेवी मामले में समीर विश्नोई की 5 अचल संपत्तियों को अस्थायी रूप से अटैच कर चुका है एसीबी/ईओडब्ल्यू की ताजा जांच में करीब 4 करोड़ रुपये की अतिरिक्त 9 संपत्तियों का पता चला, जिनके अटैचमेंट के लिए विशेष अदालत में आवेदन दिया गया था।

#### ये संपत्तियां जब्त

- » महासमुंद जिले में करीब 22 एकड़ कृषि भूमि।
- » नया रायपुर में स्थित एक प्लॉट।
- » रायपुर के गायत्री नगर में मकान सहित अन्य अचल संपत्तियां।
- » इसके अलावा रिश्तेदारों और परिचितों के नाम पर भी निवेश कर संपत्तियां खरीदी गई थीं, जिन्हें अब अटैच कर लिया गया है।

#### कोर्ट के ताजा आदेश का असर

17 अप्रैल 2026 को विशेष न्यायालय में सुनवाई के बाद सभी चिन्हित संपत्तियों को कुर्क करने का आदेश जारी किया गया। आदेश लागू होने के बाद इन संपत्तियों की खरीद-फरोख्त और हस्तांतरण पर पूर्ण रोक लग गई है। इसी प्रकरण में पहले सह-आरोपी रही सौम्या चौरसिया की अवैध संपत्तियों की कुर्की भी न्यायालय के आदेश पर की जा चुकी है।



## जताया विरोध / प्रतिपूर्ति राशि के निर्धारण में लेटलतीफी से नाराज एसोसिएशन ने लिया निर्णय

# फीस विवाद पर प्राइवेट स्कूलों में तालाबंदी

**रायपुर, 18 अप्रैल।** शिक्षा के अधिकार आरटीई के तहत प्राइवेट स्कूलों में पढ़ने वाले बच्चों की फीस, प्रतिपूर्ति राशि को लेकर छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन और स्कूल शिक्षा विभाग के बीच ठन गई है। प्रतिपूर्ति राशि के निर्धारण में किए जा रहे लेटलतीफी से नाराज एसोसिएशन ने आज प्रदेशभर में प्राइवेट स्कूलों में तालाबंदी कर दी है।

छत्तीसगढ़ में आरटीई आरटीई के तहत मिलने वाली फीस प्रतिपूर्ति बढ़ाने की मांग को लेकर निजी स्कूलों का विरोध तेज हो गया है। आज पूरे प्रदेश के निजी स्कूल बंद रखे गए हैं। स्कूल संचालकों का कहना है, लंबे समय से उनकी मांगों की अनदेखी की जा रही है।

**काली पट्टी बांधकर जताया विरोध:** बंद से एक दिन पहले निजी स्कूल संचालकों, शिक्षकों और स्टाफ ने काली पट्टी बांधकर काम किया और शासन के खिलाफ विरोध दर्ज कराया। यह प्रदर्शन प्रतीकात्मक था, लेकिन इसके जरिए सरकार तक अपनी बात पहुंचाने की कोशिश की गई। छत्तीसगढ़ निजी विद्यालय प्रबंधन संघ के नेतृत्व में एक मार्च से असहयोग आंदोलन जारी है। एसोसिएशन का कहना है, बार-बार मांग रखने के बावजूद अब तक कोई ठोस निर्णय नहीं लिया गया, जिससे संचालकों में नाराजगी बढ़ती जा रही है।

एसोसिएशन ने साफ कहा है, यदि फीस प्रतिपूर्ति में वृद्धि नहीं की गई, तो लॉटरी के माध्यम से चयनित आरटीई छात्रों को प्रवेश नहीं दिया जाएगा। यह फैसला शिक्षा व्यवस्था पर बड़ा असर डाल सकता है।

#### स्कूल शिक्षा मंत्री को पत्र लिखकर, की मांग

स्कूल शिक्षा मंत्री व विभाग के अफसरों को पत्र लिखकर एसोसिएशन ने कहा है, 13 अप्रैल को शिक्षा विभाग द्वारा जारी विज्ञप्ति में इस बात का उल्लेख है, शिक्षा के अधिकार कानून में प्रतिपूर्ति राशि का निर्धारण शासकीय विद्यालय में प्रति विद्यार्थी होने वाले व्यय या निजी स्कूल की वास्तविक फीस (दोनों में से जो भी कम हो) प्रतिपूर्ति राशि निर्धारण का आधार होगा। शिक्षा के अधिकार कानून की धारा 12 की उपधारा 2 में भी प्रतिपूर्ति राशि निर्धारण में इस नियम का उल्लेख है।

#### प्राइवेट स्कूल बंद फ्लॉप शो!

विकास तिवारी ने इस पूरे मुद्दे पर तीखी प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बंद पूरी तरह से असफल रहा है और यह दिखाता है कि एसोसियेशन का जमीनी स्तर पर कोई प्रभाव नहीं है। उन्होंने कहा कि जब खुद स्कूल संचालक ही बंद का समर्थन नहीं कर रहे हैं, तो ऐसे आह्वान का कोई मतलब नहीं रह जाता। अब बड़ा सवाल यह है कि आखिर एसोसियेशन ने बिना पर्याप्त समर्थन के इतना बड़ा फैसला क्यों लिया? क्या यह सिर्फ दबाव बनाने की कोशिश थी या फिर संगठन के अंदर ही मतभेद हैं? इन सवालों के जवाब आने वाले दिनों में सामने आ सकते हैं।

# सरकार जिद छोड़ निजी स्कूलों से बातचीत कर भर्ती मामले में समाधान निकाले : कांग्रेस

**रायपुर, 18 अप्रैल।** निजी स्कूलों आरटीआई में भर्ती को लेकर चल रहा गतिरोध चिंता का विषय है। प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि सरकार हठ धर्मिता छोड़े तथा निजी स्कूलों से बातचीत कर मामले का समाधान निकाले। कांग्रेस पार्टी मांग करती है कि सरकार तुरंत प्राइवेट स्कूल के प्रतिनिधियों से बात करे, गतिरोध समाप्त करें, ताकि बच्चों का एडमिशन हो सके। कांग्रेस की यूपीए सरकार ने गरीबों के बच्चों को मुफ्त शिक्षा देने आर.टी.ई. लेकर आई थी, भाजपा सरकार उसमें अवरोध पैदा कर रही।



प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि पहले आरटीई के भर्ती नियम में बदलाव कर निजी स्कूलों में नर्सरी को नही बल्कि पहली कक्षा को प्रवेश कक्षा माना गया जो सरासर गलत है। जबकि स्कूल की प्रथम कक्षा अगर नर्सरी है तो भर्ती उसी कक्षा से शुरू होगी। क्योंकि निजी स्कूलों में जो बच्चे खुद के खर्च से नर्सरी में भर्ती होते है वो प्रगति करते हुए पीपी वन/टू के बाद क्लास वन में पहुँचते है। जब क्लास वन की सीट पूर्व से शिक्षा ले रहे पीपी टू के बच्चां से भर जायेगी ऐसे में आरटीई के तहत गरीबो बच्चों के लिए सीट कहां बचेगा?

प्रदेश कांग्रेस संचार विभाग अध्यक्ष सुशील आनंद शुक्ला ने कहा कि निजी स्कूल वालों की मांगें तार्किक और जायज है। वर्षो से उनकी फीस नहीं बढ़ाई गयी है जबकि खर्चे बढ़ गये है। 11 सालो से कोई बढ़ोत्तरी नहीं होना गलत है। इस संदर्भ में उच्च न्यायालय बिलासपुर का स्पष्ट फैसला 19 सितंबर 2025 को आ गया है। जिससे सरकार को स्पष्ट तौर पर प्रतिपूर्ति राशि बढ़ाने का निर्देश दिया जा चुका है। सरकार उनकी मांगो को मानने के बजाय धमकी चमकी पर उतर आई है। निजी स्कूलों ने भी सरकार के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। असहयोग आंदोलन चला रहे है, फीस बढ़ोतरी नहीं होने पर गरीब बच्चों को आरटीई के तहत भर्ती नहीं करने की घोषणा कर दी है।

# छग में धर्मांतरण कानून लागू

**रायपुर, 18 अप्रैल।** छत्तीसगढ़ में जबरन और प्रलोभन से धर्मांतरण पर रोक लगाने 19 मार्च को विधानसभा में पारित छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंर्त्य विधेयक ने कानून का रूप ले लिया है. विधेयक पर 6 अप्रैल को राज्यपार रमेन डेका के हस्ताक्षर करने के बाद अब छत्तीसगढ़ राजपत्र में प्रकाशित कर दिया गया है. बता दें कि छत्तीसगढ़ विधानसभा में 19 मार्च को उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा द्वारा प्रस्तुत छत्तीसगढ़ धर्म स्वातंर्त्य विधेयक, 2026 को विस्तृत चर्चा और विचार-विमर्श के बाद पारित किया गया था. विधेयक का उद्देश्य राज्य में धर्मांतरण से संबंधित गतिविधियों को सुव्यवस्थित करना और नागरिकों की धार्मिक स्वतंत्रता की रक्षा सुनिश्चित करना है। विधेयक में धर्म परिवर्तन की प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए स्पष्ट प्रावधान किए गए हैं. अब धर्म परिवर्तन करने वाले व्यक्ति को प्राधिकृत अधिकारी के समक्ष आवेदन देना होगा, जिसके बाद निर्धारित समय-सीमा में सूचना सार्वजनिक की जाएगी और आपत्तियां आमंत्रित की जाएंगी. जांच के उपरांत ही प्रमाणपत्र जारी किया जाएगा. साथ ही यह भी सुनिश्चित किया गया है कि किसी भी व्यक्ति को अपनी इच्छा से धर्म चुनने की पूर्ण स्वतंत्रता रहे, लेकिन यह परिवर्तन किसी दबाव, प्रलोभन या भय के कारण न हो, इसकी जांच अनिवार्य होगी.

कौशल किशोर मिश्र प्रकाशक, मुद्रक, स्वामी की ओर से तरुण छत्तीसगढ़, तरुण छत्तीसगढ़ प्रेस टॉवर, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर (छ.ग.) से मुद्रित एवं प्रकाशित प्रधान संपादक- कौशल किशोर मिश्र, पंजी. क्रं. 45088/85 डाक पं.छ.ग./रायपुर संभाग/33/2024-26